* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

24 फरवरी, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 127


काशी विश्वनाथ में बाबा की आरती हुई महंगी, एक मार्च से भक्तों को मंगला आरती के 500 रुपये देने होंगे











## इडी की कार्रवाई : चीफ इंजीनियर की गिरफ्तारी खोलेगी कई राज

# कोर्ट ने वीरेंद्र राम को पांच दिन के न्यायिक हिरासत में भेजा

- इडी करेगी पूछताछ जब्त पेन ड्राइव में छिपे हैं कई राज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की कोर्ट ने ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अब इडी उनसे अवैध कमाई के बारे में पूछताछ करेगी। गौरतलब है कि इडी ने दो दिनों तक वीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इडी को अकूत संपत्ति की जानकारी मिली। इसके बाद वीरेंद्र राम को बुधवार को हिरासत में ले लिया गया था। इडी ने गुरुवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से पांच दिन के न्यायिक हिरासत की अनुमति मिली।

**अवैध कमाई से इक्कठी की अकूत संपत्ति :** वीरेंद्र राम लंबे समय से इडी की रेडार पर थे। इडी ने मंगलवार को रांची, जमशेदपुर, दिल्ली समेत अन्य जगहों पर उनके 24 ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह छापेमारी बुधवार तक जारी रही। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान इडी को 100 करोड़ से अधिक के अवैध कमाई के सबूत मिले। छापेमारी में 1.50 करोड़ के जेवहरात, हीरे का हार समेत 30 लाख रुपये नगद मिले। इसके अलावा भारी मात्रा में निवेश के कागजात भी मिले हैं। वीरेंद्र राम अवैध कमाई से पूरे एशोआराम का जीवन जी रहे थे। उनका पूरा परिवार फ्रांस से आया पानी पीता है। करोड़ो रुपये के माकन दिल्ली में खरीदा है। कई लग्जरी गाड़ियों के मालिक हैं।

**सदर अस्पताल में जांच के बाद कोर्ट में किया पेश :** इडी ने वीरेंद्र राम को बुधवार शाम को हिरासत में लिया था। उन्हें रांची के जोनल कार्यालय लाया गया, जहां पूछताछ की गयी। सूत्रों के मुताबिक वीरेंद्र राम ने अब तक पूछताछ में बहुत अधिक सहयोग नहीं किया है। इडी ने गुरुवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया और फिर सदर अस्पताल ले कर गयी। वहां स्वास्थ्य जांच के बाद वीरेंद्र राम को पीएमएलए के विशेष कोर्ट में पेश किया गया।

**इडी ने 10 के रिमांड की मांग की थी :** पीएमएलए के विशेष कोर्ट में इडी ने वीरेंद्र राम से पूछताछ के लिए 10 दिन के रिमांड की मांग की। दोनों पक्षों की ओर से बहस के बाद कोर्ट ने उन्हें पांच दिन के रिमांड की अनुमति दी। इस दौरान इडी उनसे पूछताछ कर सकेगी। साथ ही रिमांड अवधि के दौरान वीरेंद्र राम के परिजन और वकील को उनसे रोजाना मुलाकात करने की अनुमति भी दी गयी।

**पेन ड्राइव में छिपे हैं राज :** सूत्रों के मुताबिक वीरेंद्र राम ने अपनी आमदनी का एक बड़ा हिस्सा कर्ज के तौर पर दिखाया है, लेकिन जांच के दौरान कर्ज देने वाली संस्थाओं का कोई अस्तित्व नहीं मिला। सूत्रों के मुताबिक सीए के जरिए उन्होंने कई शेल कंपनियों में निवेश कर रखा है। इडी को मनी लांड्रिंग का सबूत भी हाथ लगे हैं। इडी को छापेमारी में एक डायरी और एक पेन ड्राइव भी बरामद किया है। सूत्रों के मुताबिक इस डायरी और पेन ड्राइव में कोडवर्ड में नेताओं और ब्यूरोक्रेट से लेनदेन के हिसाब लिखे हैं। इसमें ठेकेदारों से पैसे लेने से लेकर नेताओं तक कट मनी पहुंचाने का भी जिक्र है। उनके वीआइपी संबंधों की भी इडी को जानकारी मिली है। इडी इन सभी बातों को लेकर अब वीरेंद्र राम से पूछताछ करेगी।

## हाइकोर्ट में पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई 28 को होगी

### गुरुवार को हुई आंशिक सुनवाई, इडी को दी गयी मोहलत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में गुरुवार को 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिग मामले में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। कोर्ट में इडी को जवाब दाखिल करने के लिए दोबारा समय दिया। मामले की अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। इससे पूर्व तीन फरवरी को भी कोर्ट ने मामले में इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। उनकी ओर से गुरुवार को जवाब दाखिल किया गया। मामले में इडी की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। पंकज मिश्रा की ओर से मेडिकल ग्राउंड पर जमानत की गुहार लगायी गयी है। उनकी जमानत याचिका इडी कोर्ट ने खारिज कर दी थी। इडी ने पंकज मिश्रा समेत तीन के खिलाफ 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। इडी ने साहेबगंज में पंकज मिश्रा और उनके सहयोगियों के बैंक खातों को सीज किया था।

# लोहरदगा में होटल संचालक की हत्या



- कुडू थाना से महज आधा किलोमीटर दूर मिली लाश
- आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम किया, दुकानें स्वत बंद रहीं

**सत्यकाम**

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के कुडू-प्रखंड कार्यालय के समीप होटल संचालक प्रदीप प्रसाद की निर्मम हत्या कर दी गयी है। उनका शव गुरुवार को कुडू थाना से महज आधा किलोमीटर दूर एनएच 75 ढुलवा खूंटा पुल के समीप मिला। शव मिलने के बाद थाना क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। इस हत्याकांड से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। घटना की जानकारी मिलने के बाद लोगों ने सड़क जाम कर दिया। क्षेत्र की दुकानें स्वतः बंद रहीं। लोगों ने अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है।

### अपहरण कर हत्या की आशंका

जानकारी के अनुसार प्रदीप कुमार बुधवार रात को पड़ोस में एक शादी में शामिल होने के लिए गये थे। वह रात करीब 10 बजे पैदल ही वहां से घर लौट रहे थे। तभी लापाता हो गये। रात में परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह लगभग आठ बजे प्रदीप कुमार के परिजन कुडू थाना पहुंचे और उनके गायब होने की सूचना दी। उन्होंने पुलिस के पास अपहरण की आशंका भी जाहिर की।

इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि थाना से आधा किलोमीटर दूर ढुलुवाखुंटा के समीप सड़क किनारे कचड़ा फेंकने वाले स्थान पर एक शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो शव की पहचान होटल संचालक प्रदीप कुमार के रूप में हुई। उनकी हत्या किसी तेजधार हथियार से की गयी थी।

### लिखित आश्वासन के बाद हटा जाम

हत्याकंड से आक्रोशित लोगों ने क्षेत्र की सड़कों को जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार, बीडीओ मनोरंजन कुमार, सीओ प्रवीण कुमार सिंह, थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने स्थानीय लोगों को समझाया। उन्होंने लिखित आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया।

## बजट नये युग के सुधार को आगे बढ़ाता रहा है:मोदी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 2014 के बाद से भारत में जितने बजट आये हैं, उनमें एक पैटर्न रहा है। पैटर्न ये है कि हमारी सरकार का हर बजट वर्तमान चुनौतियों के समाधान के साथ ही नये युग के सुधार को आगे बढ़ाता रहा है। यह बजट भारत को ग्लोबल ग्रीन एनर्जी मार्केट में एक लीड प्लेयर के रूप में स्थापित करने में भी एक बड़ी भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री गुरुवार को पोस्ट बजट वेबिनार के पहले कार्यक्रम में ग्रीन ग्रोथ पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। पोस्ट बजट वेबिनार कार्यक्रम आज से शुरू हुआ है। यह 11 मार्च तक चलेगा। इस दौरान 12 अलग-अलग सेक्टर पर चर्चा होगी। लोगों से बजट की घोषणाओं को बेहतर ढंग से लाागू करने के लिए सुझाव लिये जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है कि भारत अपने लक्ष्यों को समय से पहले हासिल कर रहा है।

## चिकित्सा सेवा में लगे लोगों का स्ट्राइक करना गंभीर : हाइकोर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद की बेंच में गुरुवार को वर्ष 2018 में रिम्स अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के कार्य बहिष्कार के दौरान मरीजों की मौत से जुड़े मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने पूछा है कि स्ट्राइक के दौरान जिन इलाजरत लोगों की मृत्यु हुई, उनके परिजनों को मुआवजा दिया गया है या नहीं। मुआवजा के लिए लिए क्या योजना है? अदालत ने इस बिंदु पर रिम्स और सरकार को तीन सप्ताह में विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से हाइकोर्ट के वरीय अधिवक्ता मोख्तार खान ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि चिकित्सा जरूरी सेवा के दायरे में आता है। चिकित्सा सेवा में लगे लोगों का स्ट्राइक करना गंभीर मामला है।

## चुनावी सभा में सीएम ने झारखंड राज्य अलग पर एनडीए गठबंधन को घेरा

# आजसू-भाजपा के साथी यूपी और बिहार वाले नहीं, झारखंडियों ने दी कुर्बानी : हेमंत सोरेन

**बीरु/निरंजन/अंजनी**



**रामगढ़/रजरप्पा/गोला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर आजसू-भाजपा गठबंधन पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि राज्य में झारखंडियों के हित में बनने वाले कानून से भाजपा-आजसू और उसके साथी यूपी-बिहार वालों के पेट में दर्द शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन में हजारों झारखंडियों ने अपनी जान की आहुति दी है। इस आंदोलन में यूपी और बिहार वालों की कोई भूमिका नहीं है। मैं जब-जब बिहार और यूपी वालों का रास्ता बंद करता हूं। तब- तब आजसू और भाजपा वाले तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर सत्ता में आने का प्रयास करती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को चितरपुर और रकुवा में आयोजित महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

**सरकार जनता के आशीर्वाद से चल रही :** हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के सवा तीन करोड़ की जनता जागरूक और चालाक हो चुकी है। जिसके कारण 2019 विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को उखाड़ फेंका है। जिसके बाद से ही आजसू-भाजपा मिलकर केंद्र सरकार के इशारे पर हमारी सरकार को गिराने का प्रयास किया। हमारे पीछे कई एजेंसियों को लगा दिया गया। मैंने भी स्पष्ट संदेश दे दिया है कि हमारी सरकार आदिवासी मूलवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक के आशीर्वाद से चल रही है। यहां कुछ भी नहीं मिलने वाला है।

**रोजगार के लिए लोन महागठबंधन की सरकार ने दी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आजसू और भाजपा वाले व्यापारिक संबंध निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज जब विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, पशुधन योजना, कृषि योजना, रोजगार के लिए लोन की बात आती है तो वह महागठबंधन की सरकार ने लोगों को दिया है। 2019 में जब ममता देवी इस विधानसभा क्षेत्र से जीत कर गई तब इस विधानसभा में मात्र 3300 विधवाओं को पेंशन मिलता था। आज 15500 विधवाओं को यह सरकार पेंशन दे रही है। 2019 में मात्र 6000 वृद्ध को पेंशन का लाभ मिलता था। आज 45500 लोगों को पेंशन मिल रहा है। दिव्यांग पेंशन योजना में तब मात्र 6300 लोग शामिल थे, आज 10,000 से अधिक लोग शामिल हैं। सरकार बनने के बाद 128000 लोगों को राशन कार्ड बना कर बांटा है। उन्होंने कहा कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने, पारा शिक्षकों को उनका अधिकार देने, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने जैसी बातें भी मुख्यमंत्री ने कही। चुनावी सभा को मंत्री आलमगीर आलम, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, प्रत्याशी बजरंग महतो, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, संजीव बेदिया ने भी संबोधित किया।


A gifted soul who cared for all with love and compassion
Smt. Darshana Khosla (Senior BJP Leader )



Final farewell
Harmu Mukti Dham, Ranchi
24th February 2023,
Friday 11:00 AM - 12:00 NOON

Khosla Niwas, Vidya Nagar Road No. 03
Harmu, Ranchi Near Carmel Hostel

In Grief:

Vishwamitra Khosla (Husband ) Deepak and Jyoti khosla (Son & Daughter in law) Gaurav and neeti Khosla (Son & Daughter in law) Shubham & Anshikha Khosla (Grandson and Granddaughter) Shalini Chhibber & Mohit Chhibber (Granddaughter & Grandson in law) Rekha arora & Ashok arora (Daughter & Son in law)
Contact No. 9334709615, 9304839914, 8660252883

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 53,400 रु./10 ग्राम
चांदी 68,000 रु./प्रति किलो



# गठबंधन के भीतर चल रहे 'कोल्ड वार' से कैसे निबटेंगे नीतीश

## ■ बिहार में कुर्सी की खींचतान ने बढ़ाया सुशासन बाबू का सिरदर्द

## ■ जदयू-राजद नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने का नहीं छोड़ रहे मौका

**बिहार की सियासत में उठापटक का दौर लगातार जारी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सिरदर्द लगातार बढ़ता जा रहा है। पहले उपेंद्र कुशवाहा के साथ छोड़ जाने का झटका लगा और अब अपने गठबंधन के सहयोगी 'बड़े भाई' राजद के नेताओं के साथ कुर्सी की खींचतान ने उन्हें राजनीतिक रूप से ऐसे भंवर में लाकर खड़ा कर दिया है, जहां से बाहर निकलने का रास्ता उन्हें नहीं सूझ रहा है। हालत यह हो गयी है कि नीतीश इन दिनों न अपने विधायकों-कार्यकर्ताओं से अकेले में मिल रहे हैं और न राजद विधायकों-कार्यकर्ताओं से। यहां तक कि कैबिनेट की बैठक के अलावा उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से उनकी कोई बातचीत नहीं हो रही है। बिहार की सियासत पर नजर रखनेवालों के अनुसार यह बेहद गंभीर स्थिति है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस तरह की राजनीति आम तौर पर नहीं करते हैं। इससे इन आशंकाओं को बल मिला है कि यह तूफान से पहले की शांति है या नीतीश कुमार ने सब कुछ समय के चक्र पर छोड़ दिया है। हकीकत चाहे कुछ भी हो, अपने राजनीतिक करियर में लगातार पाला बदलनेवाले नेताओं की कतार में शुमार नीतीश कुमार इस बार नये किस्म की समस्या में फंसे हैं। बिहार के सत्ताधारी में चल रहे इस 'कोल्ड वार' को खत्म करने की जिम्मेदारी उनके साथ तेजस्वी की भी है, लेकिन दोनों नेताओं की ओर से अब तक को कोई प्रयास होता नहीं दिख रहा है। इसके कारण राजनीतिक माहौल में एक तनाव की आहट सुनाई देने लगी है। 2024 के आम चुनाव की तैयारियों में जुटे राजनीतिक दलों के लिए बिहार का यह 'कोल्ड वार' किसी अचरज भरे खेल से कम नहीं है। बिहार के इस खेल के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन के घटक दल जनता दल (यूनाइटेड) और राष्ट्रीय जनता दल एक बार फिर से लड़ रहे हैं। इस बार लड़ाई गठबंधन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को सत्ता हस्तांतरण की संभावना को लेकर है। दो दिन पहले राजद विधायक विजय मंडल ने एक बयान दिया। उन्होंने कहा कि राजद को विश्वास है कि नीतीश कुमार अपनी प्रतिज्ञा का सम्मान करेंगे और मार्च में ही सत्ता तेजस्वी यादव को हस्तांतरित कर दी जायेगी। बकौल मंडल, राजद को 2025 के विधानसभा चुनाव का इंतजार नहीं करना है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि होली के बाद सत्ता हस्तांतरण का काम पूरा कर लिया जायेगा, हालांकि उन्होंने इसके लिए कोई तारीख नहीं बतायी। जदयू ने इस पर तत्काल प्रतिक्रिया दी। पार्टी की ओर से कहा गया कि उसे इस तरह के बदलाव की जानकारी नहीं है। अगर राजद विधायक की दोनों पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिये गये फैसलों तक पहुंच है, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए कि फैसला कब किया गया था।

राजद और जदयू के बीच ताजा विवाद एक दिन पहले जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह द्वारा उपेंद्र कुशवाहा की आलोचना करते हुए दिये गये एक बयान से शुरू हुआ, जिन्होंने इस सप्ताह पार्टी छोड़ दी थी। सिंह ने कहा कि जदयू ने 2025 के विधानसभा चुनाव के बाद तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने का कोई वादा नहीं किया था। उनके बयान ने पिछले साल सीएम नीतीश कुमार की सार्वजनिक घोषणा को लेकर राजद को झटका दिया कि तेजस्वी 2025 के चुनावों में महागठबंधन का नेतृत्व करेंगे, जिसे इस संकेत के रूप में देखा गया था कि अगर महागठबंधन जीतता है, तो तेजस्वी बिहार के सीएम होंगे। जदयू अध्यक्ष ने कहा कि उनके बयान को तोड़ा-मरोड़ा गया है। मैंने कहा था कि 2025 में क्या होगा, इस पर 2025 में चर्चा की जायेगी, 2023 में नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि जदयू का 2025 के चुनावों के बाद भी एक स्वतंत्र अस्तित्व होगा, जो जदयू और राजद के बीच विलय की बात को खत्म करने की ओर इशारा कर रहा है।



### भ्रम पैदा करने वाला बयान

सत्ता में 'बड़े भाई' राजद के साथ इस विवाद के अलावा जदयू को कई और मुद्दे परेशान कर रहे हैं। कहा जाता है कि तेजस्वी को लेकर नीतीश कुमार के द्वारा की गयी घोषणा जदयू के अधिकांश नेताओं को पसंद नहीं आयी। जदयू के राजद में विलय की अटकलों को भी मुख्यमंत्री को खारिज करना पड़ा। उपेंद्र कुशवाहा पार्टी छोड़ने से पहले बार-बार नीतीश से सत्ता हस्तांतरण पर राजद के साथ हुए 'गुप्त सौदे' का खुलासा करने के लिए कह रहे थे। 2022 के उपचुनावों के परिणाम से जदयू को अधिक चिंता हुई, जहां राजद ने मोकामा सीट को कम अंतर से बरकरार रखा। भाजपा गोपालगंज को बनाये रखने में कामयाब रही, भले ही उसका पूर्व सहयोगी जदयू साथ नहीं था, और उसने कुढ़नी सीट भी जदयू से छीन ली। यह इस बात की ओर इशारा करता है कि नीतीश के प्रमुख मतदाता उनका साथ छोड़ रहे हैं। नीतीश इस बात को लेकर अत्यधिक चिंतित हैं। जदयू के दूसरे नेता भी इस बात को समझ रहे हैं कि नीतीश का राजद के साथ जाने का दांव जनता के बीच अच्छा संदेश नहीं दे गया। पिछले अगस्त में जब से नीतीश ने राजद से हाथ मिलाया है, तब से राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि वह बिहार में तेजस्वी को सत्ता सौंपने के बाद अंततः राष्ट्रीय राजनीति के लिए दिल्ली का रुख करेंगे। लेकिन पिछले छह महीनों के दौरान, 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले विपक्ष के बीच एकता की अपील करने के अलावा नीतीश द्वारा राष्ट्रीय मंच पर बहुत कम सक्रिय देखा गया है। जदयू नेताओं का कहना है कि समय की मांग थी कि हम अपनी पार्टी को और दलबदल से बचाने के लिए नीतीश के बयान पर भ्रम पैदा करें और अपने वोट बैंक को भी बनाये रखें।

### राजद के साथ शीत युद्ध

ललन सिंह के बयान के बाद दोनों सहयोगी दलों के बीच शीत युद्ध छिड़ गया है। मंगलवार को राज्य में कृषि पर आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एक घंटे से ज्यादा देरी से पहुंचे। उस समारोह में नीतीश कुमार राजद के कृषि मंत्री सर्वजीत कुमार के साथ बैठने की बजाय जदयू के मंत्री विजय चौधरी के साथ बैठे। हाल के दिनों में जदयू और राजद के बीच शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर द्वारा रामचरित मानस पर दिये गये बयानों और राजद विधायक सुधाकर सिंह द्वारा नीतीश के खिलाफ दिये गये बयानों पर सार्वजनिक रूप से विवाद हुआ है। राजद के कई नेता निजी तौर पर स्वीकार करते हैं कि जदयू के साथ ये सार्वजनिक झगड़े यह धारणा बनाते हैं कि महागठबंधन सरकार अस्थिर है। लेकिन हमें लगता है कि यह जदयू की दबाव की रणनीति है, जिसे लोकसभा चुनावों के लिए सीटों की संख्या पर हमारे साथ बातचीत करनी होगी। जबकि सहयोगियों के बीच एक चर्चा यह भी है कि नीतीश एक और यू-टर्न ले सकते हैं और भाजपा के साथ फिर से जुड़ सकते हैं, लेकिन बाद में वह ऐसी किसी भी संभावना से इनकार करते हैं। जबकि बिहार विधानपरिषद के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने कहा, यह साफ कर दें कि नीतीश कुमार के लिए एनडीए के दरवाजे बंद हैं। वह हमेशा अपने सहयोगियों को किनारे रखते हैं, जिसके कारण वह लंबे समय तक बिहार के सीएम बने रहे। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नीतीश कुमार इस 'कोल्ड वार' पर क्या रुख अपनाते हैं। इसलिए इन दिनों वह अकेले में किसी से भी नहीं मिल रहे हैं। यहां तक कि जदयू के विधायकों और कार्यकर्ताओं को भी उनसे मिलने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। बिहार की राजनीति का ऊंट अब चाहे जिस करवट बैठ, इतना तय है कि अपने करियर में पहली बार नीतीश कुमार इतने अनिर्णय में दिख रहे हैं।

## रांची को दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करने का मिलेगा मौका

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। इसमें एक एथलेटिक्स का और दूसरा हॉकी का होगा। रांची में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय फेडरेशन की ओर से इसकी मेजबानी करने का मौका दिया जा रहा है। अक्टूबर या नवंबर में ये दोनों आयोजन रांची में होंगे। इसमें साउथ एशियन एथलेटिक्स (सैफ) चैंपियनशिप और हॉकी का इंटरनेशनल इवेंट का आयोजन शामिल है। सैफ एथलेटिक्स के आयोजन की तैयारी खेल निदेशालय की ओर से की जा रही है। साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार रांची में होगा। इसमें सात देशों के चार सौ से भी अधिक अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रांची आयेंगे। मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा ने बातया कि विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी चल रही है।

## झारखंड हाइकोर्ट छह और सात मार्च को बंद रहेगा



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट में छह और सात मार्च को अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में गुरुवार को रजिस्ट्रार जनरल के कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि छह और सात मार्च को होने वाले अवकाश के बदले में 19 अगस्त और 16 सितंबर को हाईकोर्ट का कार्य दिवस रहेगा। दोनों शनिवार का दिन है और क्रमशः उक्त महीने का तीसरा शनिवार है। हालांकि जारी अधिसूचना में छह और सात मार्च को किन कारणों से हाईकोर्ट में अवकाश रहेगा, इसके विषय में कोई जानकारी नहीं दी गयी है।

## गिरिडीह के मजदूर की मुंबई में मौत

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत खांखी के एक मजदूर की मुम्बई के धारावी में बुधवार को आग की चपेट में आने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार डुमरी थाना क्षेत्र के खांखी निवासी मुमताज अंसारो के 23 वर्षीय पुत्र इकबाल अंसारी की मुम्बई के धारावी में आग चपेट में आने से मौत हो गयी है। इकबाल अंसारी मुम्बई में कपड़े सिलाई का काम करता था। वह एक सप्ताह पूर्व 16 फरवरी को मुम्बई गया था। घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने संवेदना प्रकट करते हुए सरकार एवं लोगों से मृतक के परिवार की मदद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है। रोजी-रोटी की तलाश में बाहर गये झारखंडी मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है। ऐसे में सरकार को रोजगार की ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे मजदूरों का बाहर जाने से रोका जा सके।

# जैक ने बंद किया ऑनलाइन एप्लीकेशन प्रोसेस
# 45 हजार शिक्षकों का ही डॉक्यूमेंट वेरिफाइड

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पारा शिक्षक जो अब सहायक प्राध्यापक कहे जाते हैं, उनके मानदेय की बढ़ोत्तरी के लिए मई में आकलन परीक्षा ली जा सकती है। इस परीक्षा में 43 हजार पारा शिक्षक शामिल होंगे। चार हजार से अधिक पारा शिक्षक इस परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह गए हैं। उन्हें अब दूसरी आकलन परीक्षा का इंतजार करना होगा। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि राज्य में 47,500 पारा शिक्षक जो शिक्षक पात्रता परीक्षा पास नहीं हैं।

आकलन परीक्षा में वैसे ही पारा शिक्षक शामिल हो सकते हैं, जिनके डॉक्यूमेंट वेरिफाइड हो चुके हैं। 47,500 पारा शिक्षक में से 45 हजार शिक्षकों के सर्टिफिकेट का वेरिफिकेशन हो सका है। इनमें से करीब 43 हजार पारा शिक्षकों ने ही आकलन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है।

### 45 सौ पारा शिक्षक नहीं देंगे परीक्षा

राज्य के 25 सौ पारा शिक्षकों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन नहीं हो सका है। ऐसे शिक्षक आकलन परीक्षा के लिए आवेदन नहीं कर सके। 45 हजार डॉक्यमेंट वेरिफाइड पारा शिक्षकों में से 43 हजार ने ही आवेदन किए हैं। दो हजार डॉक्यूमेंट वेरिफाइड शिक्षकों ने आकलन परीक्षा के लिए आवेदन नहीं किया है। इस तरह 45 सौ पारा शिक्षक पहली आकलन परीक्षा नहीं दे सकेंगे। अब ऐसे शिक्षकों को दूसरी आकलन परीक्षा का इंतजार करना होगा। अब तक पहली आकलन परीक्षा नहीं ली जा सकी है। ऐसे में दूसरी आकलन परीक्षा कब ली जाएगी, यह देखने वाली बात होगी। जो पारा शिक्षक आकलन परीक्षा में सफल होंगे उनके मानदेय में ही 10 फीसदी की बढ़ोतरी होगी।आकलन परीक्षा के लिए पांच बार आवेदन लिया गया है। पांचवीं बार बढ़ाई गयी तिथि 16 फरवरी को खत्म हुई। अब जैक (झारखंड एकेडमिक काउंसिल) ने आवेदन करने की प्रक्रिया को लॉक कर दिया है। ऐसे में वैसे पारा शिक्षक जिनका देर से सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन हुआ या जिनके अब तक प्रमाणपत्रों की जांच नहीं हो सकी है वे आवेदन नहीं कर सकेंगे। इससे ऐसे पारा शिक्षकों के मानदेय में 10 फीसदी की बढ़ोतरी दूसरी आकलन परीक्षा के बाद ही हो सकेगा। वहीं जैक सूत्रों के मुताबिक यह आकलन परीक्षा मई में ली जा सकती है। इससे पहले 14 मार्च से मैट्रिक-इंटर की परीक्षा ली जाएगी। फिर आठवीं, नौवीं व 11वीं बोर्ड की परीक्षा ली जाएगी। इसके बाद आकांक्षा व मॉडल स्कूल में नामांकन की भी प्रवेश परीक्षा होगी। फिर 26 से 29 अप्रैल तक स्कूलों में पहली से सातवीं की वार्षिक परीक्षा होनी है। इन परीक्षाओं के खत्म होने के बाद पारा शिक्षकों के आकलन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। पारा शिक्षकों के मानदेय में जनवरी से चार फीसदी की बढ़ोतरी की गयी है। पर अब तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिल सका है। ऐसा जिलों की गलती की वजह से हो रहा है। मानदेय भुगतान से संबंधित गलत रिपोर्ट जिलों से भेजा गया जिस वजह से अब तक मानदेय का भुगतान नहीं हो सका है। जिलों से भेजी गयी गलत रिपोर्ट से शिक्षा विभाग नाराज है। जिलों को अविलंब रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। जिलों के वैसे पारा शिक्षक जिनका सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन हो गया और प्रशासनिक प्राधिकार से सेवा संपुष्टि हुई है उनका चार फीसदी मानदेय बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। वहीं, जिनका सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन होने के बाद भी प्राशासनिक प्राधिकार से स्वीकृति नहीं मिली है उन्हें स्वीकृति मिलने के बाद इसका लाभ मिलेगा।

# अवैध ढंग से चल रही थी मिनी गन फैक्ट्री, चार धराये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज पुलिस ने बुधवार देर रात अवैध रूप से चल रहे मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कोहवारा गांव के एक घर में छापेमारी की। जहां पर से एक देशी कट्टा समेत एकअर्द्धनिर्मित पिस्टल, गोली और हथियार बनाने में उपयोग किये जाने वाले कई सामान बरामद किया। वहीं, इस मामले से संबंधित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। मामला जिले के मंडरो प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पिंडरा पंचायत के कोहवारा गांव की है।

मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि मंडरो प्रखंड क्षेत्र के पिंडरा पंचायत के उपरबंधा-माथाडीह गांव में एक घर में गृहप्रवेश था। कार्यक्रम स्थल पर खड़ी एक बाइक को बिरु कुमार साह नामक युवक लेकर भागने लगा। लेकिन, बाइक मालिक ने उसे देख लिया और दौड़ाकर पकड़ा। जिसके बाद ग्रामीणों ने उसकी जमकर पिटाई की और मिजाचौकी थाना पुलिस के हवाले कर दिया।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार युवक ने बताया कि उसका नाम बिरु कुमार साह है और वह मिजाचौकी बाजार का रहने वाला है। इस दौरान उसने पुलिस को कोहवारा गांव के पतरास किस्कु के घर में संचालित अवैध मिनी गन फैक्ट्री की संबंध में बताया। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर छापेमारी की, जहां से एक कट्टा, एक अर्द्धनिर्मित पिस्टल, गोली, कटर सहित हथियार बनाने में उपयोग किये जाने वाले सामग्री बरामद किया। साथ ही मामले सेसंबंधित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इसमें बिहार के खगड़िया निवासी मोनु कुमार वर्मा, मिजाचौकी थाना क्षेत्र के करला गांव निवासी पतरास किस्कू, माथाडीह गांव निवासी गुड्डू पंडित एवं मिजाचौकी बाजार निवासी बीरू कुमार साह शामिल है।

## चारा घोटाला में लालू यादव की सजा बढ़ाये जाने के मामले में सुनवाई चार सप्ताह बाद

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित लालू प्रसाद यादव सहित छह सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की है। इस मामले में कोर्ट ने दो सजायाफ्ता फूलचंद सिंह और आरके राणा का नाम हटाने का आदेश दिया था। एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि फूलचंद सिंह और आर के राणा की मृत्यु हो गई है। जिसके बाद कोर्ट ने इस याचिका से इनका नाम हटाने का आदेश दिया था। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता पीएएस पति ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि सीबीआइ ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि देवघर कोषागार से अवैध निकासी मामले में लालू प्रसाद, बेक जूलियस सहित छह सजायाफ्ता को तीन से छह साल की सजा सुनाई गई है। सीबीआई ने इन्हें अधिकतम सजा देने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया कि लालू प्रसाद को इस मामले में साढ़े तीन साल की सजा मिली है इन्हें अधिकतम सात साल की सजा मिलनी चाहिए।

## 15 लाख के इनामी दो नक्सली अमन और मुनेश्वर गंझू एनआइए रिमांड पर

**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) रांची की टीम ने 15 लाख के इनामी नक्सली अमन गंझू और 10 लाख के इनामी मुनेश्वर गंझू उर्फ मुंशी को रिमांड पर लिया है। दोनों को एनआइए ने 25 फरवरी तक रिमांड पर लिया है। नक्सली अमन गंझू संगठन में शामिल अन्य नक्सलियों और लुकइया मोड़ के समीप हुई घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है। वह औरंगाबाद बिहार का रहने वाला है। वहीं दूसरी ओर एक दूसरे नक्सली केस में मुनेश्वर गंझू से पूछताछ की जा रही है। वह लातेहार जिला के चंदवा का रहने वाला है। उससे भी घटना में शामिल साथी नक्सलियों, केस में फरार नक्सलियों के ठिकाने और घटना के संबंध में विस्तार से पूछताछ जारी है। लातेहार के चंदवा में लुकैया मोड़ पर नवंबर 2019 की रात पुलिस गश्ती दल पर हमला कर एक एएसआइ और होमगार्ड के तीन जवानों की हत्या के बाद हथियार लूट कर फरारी मामले में एनआइए ने दोनों को रिमांड पर लिया है।

## मनचलों की छेड़खानी से परेशान छात्रा ने की आत्महत्या, पुलिस ने शुरू की जांच

**देवघर (आजाद सिपाही)।** जसीडीह में मनचले की छेड़खानी से परेशान एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। 16 वर्षीय लड़की आठवीं कक्षा में पढ़ती थी। स्कूल जाते समय सुखी तांती नाम का युवक उसे लगातार छेड़खानी कर रहा था। इससे परेशान होकर छात्रा ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मां के बयान के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है। मां ने आरोप लगाया है कि सुखी तांती, सुधीर तांती, लीला देवी व दुखी तांती के कारण ही उसकी बेटी ने आत्हत्या की है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.0 °c | 16.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.49 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.16 बजे |



### गोला, बरलांगा और कैंट मंडल के पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन आयोजित, अर्जुन, रघुवर, बाबूलाल हुए शामिल

# वर्तमान सरकार ने आदिवासी जनता को ठगा है : अर्जुन मुंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़/गोला।** विधानसभा के क्षेत्र के गोला, बरलांगा एवं कैंट मंडल द्वारा पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया गया। बरलांगा मंडल के जोगिया बाबा में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, गोला मंडल के कुसुमडीह के होटल रिया में विधायक दल ने नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एवं रामगढ़ पटेल चौक स्थित पटेल छात्रावास के सभागार में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास शामिल हुए। कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पटेल छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कैंट मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो ने की एवं मंच संचालन भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रखर प्रवक्ता अविनेश कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश महामंत्री, सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक राज सिन्हा, राकेश प्रसाद, रविंद्र राय, मुनेश्वर साहू, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, अमरदीप यादव, रोहित लाल सिंह, प्रकाश मिश्रा, इसरानी पाठक, दीनदयाल छोटन सिंह आदि नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामा प्रसाद



मुखर्जी की तस्वीरों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर राष्ट्र गीत वंदे मातरम गीत के साथ किया। उपचुनाव प्रभारी सांसद आदित्य साहू ने कार्यक्रम में बूथ अध्यक्षों और पन्ना प्रमुखों से वृत प्राप्त करने के साथ सभी बूथों के पन्ना प्रमुखों की पूर्ण उपस्थिति पर खुशी जाहिर की।

बरलंगा पन्ना प्रमुख कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज झारखंड में अगर कोई सबसे ज्यादा पीड़ित और ठगा गया है, तो वो झारखंड की मूलनिवासी और आदिवासी गरीब जनता है। झारखंड की वर्तमान सरकार ने झारखंड के खनिजों का दोहन तो किया ही, साथ में उन्होंने यहां की आदिवासी जनता को ठग कर वोट लिया और आज उन्हीं की जमीन अपने सगे संबंधियों के नाम करने में लगे हैं।

## आशावाद और निराशावाद के बीच है उपचुनाव : रघुवर दास



**रामगढ़ पटेल चौक स्थित पटेल छात्रावास के सभागार में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने कहा की यह उपचुनाव आशावाद और निराशावाद के बीच है। झारखंड का विकास तो रुका ही है, पर झारखंड की जनता बढ़ते अपराध और नाकाम व स्थिल सरकार से दुखी भी है। एक तरफ जहां प्रति वर्ष रोजगार देने के झूठे वायदे कर सत्ता में आते ही सीएम हेमंत सोरेन अपने पूरे परिवार के साथ झारखंड को लूटने में व्यस्त हैं। वहीं दूसरी तरफ सहिया दीदियों और पारा शिक्षकों पर मुख्यमंत्री निर्देश पर पुलिस की लाठियां चटका रही है। रघुवर दास ने कहा कि मेरी सरकार में जो बालू झारखंड के निवासियों को मुफ्त में उपलब्ध हुआ करती था, आज उसकी कालाबाजारी हो रही है और उसका ठेका या तो सीएम के सगे संबंधियों को दिया गया है या उनके उन्ही तस्करी करने वाले सहयोगियों को।**

## तीन वर्षों में झारखंड का नहीं, सोरेन परिवार का विकास हुआ : बाबूलाल



गोला के पन्ना प्रमुख कार्यक्रम में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड का यह उपचुनाव लुटेरा भ्रष्टाचारी सरकार में शामिल ठगों और विकास की पहचान बन चुकी एनडीए गठबंधन के बीच है। पिछले तीन वर्षों में झारखंड में कुछ विकास हुआ है, तो वो है मुख्यमंत्री के संबंधियों की संपत्ति और जमीनों में अन्यथा झारखंड के हर व्यक्ति की प्रति व्यक्ति आय घटी है। हमने विकास के लिए लड़ाई लड़ कर झारखंड को अलग करवाया था, जिससे यहां के मूलवासी और गरीब आदिवासियों के जीवन स्तर में सुधार हो सके, पर इन्होंने सत्ता प्राप्त करते ही न सिर्फ झारखंड के खनिज संसाधनों का दोहन किया, बल्कि आदिवासियों की जमीन लूटने का काम भी किया है। आज बहुत दुख होता है, जब देखता हूं की आदिवासी मुख्यमंत्री के राज्य में आदिवासी माता और बहनों का बलात्कार के बाद नृशंस हत्या कर दी जाती है।

सभा को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, बोकोरो विधायक विरंची नारायण, पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर आदि ने संबोधित किया। मौके पर कुंटू बाबू, बरलंगा मंडल अध्यक्ष अशोक महतो, विजय ओझा, मनोज महतो, महेंद्र प्रसाद, बंधु महतो, अमृतलाल मुंडा, चंदर महतो, राजू प्रसाद, राजेश उर्फ फंटूश महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता के अलावा हजारों महिला-पुरुष मौजूद थे।

### शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने दी जानकारी

# 24 मार्च को होनेवाली मैट्रिक-इंटर की परीक्षा तिथि में होगा बदलाव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सत्र 2022-23 में जैक बोर्ड से मैट्रिक-इंटर की परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ी खबर सामने आयी है। जानकारी के लिए आपको बता दें 24 मार्च को होने वाली मैट्रिक और इंटर की परीक्षा की तिथि में बदलाव होने वाला है। यह जानकारी शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने जैक के सचिव महीप कुमार सिंह से बात करने के बाद दी है। दरअसल यह पूरा मामला राज्य सरकार के कैलेंडर में सरहुल की तारीख की गलत जानकारी दिये जाने के बाद हुई। हुआ यह कि झारखंड सरकार के कैलेंडर में इस साल मनायी जाने वाली सरहुल महापर्व की तारीख 23 अप्रैल छप गयी है। जब परीक्षा की तारीखों की घोषणा होने लगी तो इसी कैलेंडर को आधार बनाकर पूरा शेड्यूल निकाला गया। अब यह जानकारी आ रही है कि सरहुल महापर्व इस साल 24 मार्च को है। जैक के परीक्षा प्रोग्राम में 24 मार्च को मैट्रिक के गणित और इंटर की परीक्षा की तिथि घोषित है। अब इस तारीख को परीक्षा ना होकर अगली घोषित तारीख को परीक्षा होगी।

## एनडीए प्रतिनिधियों ने संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त केंद्रीय पुलिस बल नियुक्त करने के लिए पत्र सौंपा

**रांची (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव-2023 में संवेदनशील बूथों के संदर्भ में एनडीए के प्रतिनिधियों ने निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र सौंपा। पत्र में लिखा है कि 23-रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 में कई बूथ अति संवेदनशील है। चुनाव पूर्व ही असामाजिक तत्वों द्वारा इन बूथों पर माहौल को रोज खराब किया जा रहा है ताकि आम जनता डर से इन बूथों पर चुनाव के दिन मतदान के लिए उपस्थित न हो पायये। इन बूथों पर 27 फरवरी 2023 को चुनाव के दिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा भारी हंगामा किया जा सकता है। पूर्व में हुए चुनाव में भी इन बूथों पर हंगामा हुआ था और अराजकता की स्थिति बन गयी थी। इसलिए इन अति संवेदनशील बूथों पर भारी मात्रा में केंद्रीय बल की नियुक्ति सुनिश्चित करने की कृपा करें। गुरुवार को सुधीर श्रीवास्तव, भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय प्रभारी वनमाली मंडल एवं नईम अंसारी, हरीश सिंह, ओम वर्मा और चेतन प्रकाश ने निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र सौंपा। इस संबंध में आजसू के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने जानकारी दी।

## टेरर फंडिंग मामले के आरोपी विनीत अग्रवाल के मामले में हाइकोर्ट ने रखा फैसला सुरक्षित

**रांची (आजाद सिपाही)।** टेरर फंडिंग के मामले में आरोपी विनीत अग्रवाल की ओर से दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में एनआईए की ओर से बहस की गयी। हाइकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पैरवी की. एनआईए की ओर से अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की। बता दें कि चतरा के टंडवा में मगध आम्रपाली कोयला प्रोजेक्ट में लोडिंग एवं खनन के लिए कार्य कर रही कंपनियों पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों को आर्थिक मदद पहुंचाने समेत कई आरोप लगे हैं। इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए ) कर रही है. वहीं रांची एनआइए की विशेष अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान को प्रार्थी ने हाइकोर्ट में चुनौती दी है। एनआइए ने टंडवा थाने में दर्ज प्राथमिकी को फरवरी 2018 में टेकओवर किया था, अनुसंधान के बाद एनआईए ने मामले में विनीत अग्रवाल समेत 17 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है।

# रांची में ऑन-एयर रेस्टोरेंट बंद

## प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर खड़े किये सवाल



### रांची में 150 फीट ऊपर परोसा जाता था खाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के लोकप्रिय एयर रेस्टोरेंट को प्रशासन ने बंद करा दिया है। यह रेस्टोरेंट जमीन से लगभग 150 फीट की ऊंचाई पर लोगों को खाना खिलाता था। क्रेन की मदद से सभी को एक सेंटर टेबल के साथ ऊपर ले जाया जाता था, जहां उन्हें व्यंजन परोसे जाते थे। यह अलग तरह का रेस्टोरेंट सबका ध्यान खींच रहा था। सोशल मीडिया पर भी इसकी खूब चर्चा थी।

### मालिक को नोटिस

इस रेस्टोरेंट के संचालक 8 माइल स्टोन के मालिक हैं। इन्हें भी नोटिस जारी किया गया गया है। साथ ही ऑन एयर रेस्टोरेंज के मैनेजर को भी आदेश जारी किया गया है। रांची सदर के अनुमंडल दंडाधिकारी ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 133 सहपठित धारा 142 के तहत इस पर कार्रवाई की गयी है।

### सुरक्षा पर सवाल

यह रेस्टोरेंज कांके-ओरमांझी रोड के बोड़ेया स्थित 8 माइल स्टोन में संचालित हो रहा था जो हवा में लोगों को भोजन खिलाता था। इस रेस्टोरेंट के संचालन को लेकर प्रशासन ने इसकी सुरक्षा पर सवाल किये। ऑन-एयर रेस्टोरेंट में आने वाले ग्राहकों को क्रेन की मदद से लगभग 150 फीट ऊपर उठाकर मंच पर भोजन और पेय पदार्थ परोसा जाता है।

### जिला प्रशासन ने पक्ष रखने का दिया मौका

प्रशासन की तरफ से इस होटल के संचालन के संबंध में अहम दस्तावेज और जानकारियां मांगी गयी। रेस्टोरेंट के मालिक से पूछा गया कि इसके संचालन में किस तरह के सुरक्षा मानदंडों/मानकों का पालन किया जा रहा है। इससे संबंधित दस्तावेज अनुमंडल दंडाधिकारी के कार्यालय में जमा करें। एसडीएम कार्यालय ने 8 माइल स्टोन के मालिक और प्रबंधक को उपस्थित होकर अनुमंडल दंडाधिकारी सदर रांची के न्यायालय में अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है।

### 100 करोड़ के साम्राज्यवाले झारखंड के इंजीनियर की पूरी कहानी

# पूरा परिवार पीता था मेड इन फ्रांस का पानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के एक इंजीनियर ने मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए काली कमाई कर 100 करोड़ रुपए का साम्राज्य खड़ा कर लिया। आपको जानकर ये हैरानी होगी कि कहानी उस राज्य के इंजीनियर की है जहां साफ पानी भी पीने को नहीं मिलता है, लेकिन इंजीनियर समेत उसका पूरा परिवार मेड इन फ्रांस का पानी पीता था। काली कमाई के जरिए करोड़ों रुपये का साम्राज्य बनाने वाले चीफ इंजीनियर का नाम वीरेंद्र राम है, जिसके ऊपर ग्रामीण विकास विभाग की जिम्मेदारी थी। वीरेंद्र राम ने गांव के विकास को खोखला कर 100 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग का साम्राज्य खड़ा कर दिया। मनी लॉन्ड्रिंग की जांच में जुटी इडी की टीम ने ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया।



**इंजीनियर के कई ठिकानों पर दो दिनों तक चली छापेमारी :** वीरेंद्र पर 100 करोड रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इडी वीरेंद्र के रांची, जमशेदपुर, पटना, सिवान, दिल्ली और सिरसा के ठिकानों पर दो दिनों तक छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक, वीरेंद्र राम की लाइफस्टाइल ऐसी है कि बड़े-बड़े शहंशाह भी पीछे छूट जाएं। इंजीनियर साहब और उसका पूरा परिवार 250 रुपये लीटर वाला मेड इन फ्रांस का पानी पीने के रूप में इस्तेमाल करता था।

**दिल्ली में खरीदा था 4 करोड़ रुपये का आलीशान बंगला :** सूत्रों के मुताबिक, इंजीनियर साहब ने 4 करोड़ रुपये कैश देकर दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी में एक आलीशान बंगला खरीदा था। यहां की शान-ओ-शौकत भी राजाओं वाली थी। ये आलीशान बंगला इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता के नाम पर है, लेकिन एऊ इसे मनी लांड्रिंग का निवेश मान रही है।

**लग्जरी लाइफस्टाइल के साथ लग्जरी गाड़ियों का भी शौक :** वीरेंद्र राम को लग्जरी लाइफस्टाइल के साथ लग्जरी गाड़ियों का भी शौक है। कहते हैं कि झारखंड में भले ही सरकार किसी भी पार्टी की हो, लेकिन वीरेंद्र की हनक सत्ता के गलियारों में जस की तस रहती थी। इडी ने छापेमारी में एक डायरी और एक पेन ड्राइव भी बरामद किया है। इस डायरी और पेन ड्राइव में कोडवर्ड में नेताओं और ब्यूरोक्रेट से लेनदेन के हिसाब लिखे हैं। इसमें ठेकेदारों से पैसे लेने से लेकर नेताओं तक कट मनी पहुंचाने का भी जिक्र है। एऊ अब इस डायरी और पेन ड्राइव को डिकोड करने में लगा है।

**वीरेंद्र राम के खिलाफ पहले से चल रही है ये जांच :** बता दें कि आय से अधिक संपत्ति के मामले में भी झारखंड विजिलेंस वीरेंद्र राम के खिलाफ जांच में जुटी है। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान वीरेंद्र राम के जमशेदपुर आवास से ढाई करोड़ से अधिक कैश की बरामदगी हुई थी। एऊकी ओर से वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी के बाद से वैसे राजनेता और ब्यूरो क्रेटस खौफजदा हैं जिनके संबंध वीरेंद्र राम से रहे हैं। कहा जा रहा है कि वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी के बाद काली कमाई और मनी लाउंड्रिंग से जुड़े और भी चेहरे जल्द बेनकाब हो सकते हैं।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग

**बी.एड. महाविद्यालयों में नामांकन हेतु सूचना**

वैसे अभ्यर्थी जो झारखंड राज्य के बी.एड. महाविद्यालयों में सत्र 2022-24 में नामांकन के लिए JCECEB, रांची के द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल हुए परंतु उनका नामांकन अभी तक कहीं भी नहीं हो पाया है, वे विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के अंतर्गत किसी इच्छित अंगीभूत/संबद्ध महाविद्यालय में नामांकन के लिए अपना आवेदन CML Rank तथा Roll No. का उल्लेख करते हुए सभी उत्तीर्ण परीक्षाओं के अंक पत्र एवं आरक्षण संबंधित दस्तावेज के साथ संबंधित महाविद्यालय में **दिनांक 24.02.2023 से 04.03.2023 तक** जमा कर सकते हैं।

**कुलपति के आदेशानुसार**
ह./-
**कुलसचिव**

ज्ञापांक : VBU/CP/08/2023/R/724/23
दिनांक : 23.02.2023

# लहराते देखें हैं हमने श्याम निशान हजारों...

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची के 60 सदस्यों का दल आज राजस्थान स्थित खाटू धाम में अत्यंत श्रद्धा सहित श्याम निशान (ध्वजा) श्री श्याम प्रभु को अर्पित किये। खाटू धाम से 17 किलोमीटर पहले रिंगस धाम में स्तिथ गौ शाला में सभी निशानों (ध्वजा) की श्रद्धा पूर्वक पूजन एवं आरती के पश्चात सभी श्याम भक्त श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन निशानों को कंधे पर उठा कर खाटू धाम के लिए चल पड़े। 17 किलोमीटर तक श्याम प्रभु की मस्ती में झूमते-नाचते, रंग गुलाल तथा श्याम प्रभु के भजनों का आनंद लेते हुए भक्तों का दल करणी माता के यहां विश्राम कर खाटू स्थित श्री श्याम



प्रभु के मुख्य मंदिर पहुंचा। श्री श्याम दरबार पहुंच कर अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच श्री श्याम प्रभु एवं बजरंगबली को निशान (ध्वजा) अर्पित कर सभी ने श्याम प्रभु के मनोहरी स्वरूप के दिव्य दर्शन कर मनोवांछित फल प्राप्ति की कामना की। खाटू धाम में निज निवास पर अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित कर संकीर्तन के पश्चात धाम में विश्राम कर 24 फरवरी को श्री सालासर धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। इस श्री श्याम निशान पदयात्रा को सफल बनाने में विवेक ढांढनियां, विकाश पाड़िया, अमित जालान, विक्रम परसरामपुरिया, काली शर्मा, कौशल अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, नितेश केजरीवाल, धीरज बंका एवं जीतेश अग्रवाल का सहयोग रहा।

## इश्तेहार

दिनांक 22.02.2023 को कोडरमा थाना कांड संख्या 214/17 के अप्राथमिकी अभियुक्त 1. नेमधारी गंझू 2 कैलाश बिरहोर सा. रतनाग थाना- लावालौग के घर पर कोडरमा थाना के पुलिस द्वारा स्थानीय पुलिस के सहयोग से गिरफ्तारी हेतू छापामारी किया गया एवं जिसमें नेमधारी गंझू गिरफ्तार किया गया एवं कैलाश बिरहोर फिरार पाये गये, जबकि उनके बिरूद्ध न्यायालय से निर्गत इश्तेहार का तामिला विधिवात दिनांक 6.07.2022 को ही किया गया है।

## Jharkhand State Food and Civil Supplies Corporation Limited
JSFC BHAWAN, KADRU MAIN ROAD, RANCHI-834002

**SHORT TENDER NOTICE**

SHORT TENDER FOR PROVIDING TRANSPORTATION SERVICES AT VARIOUS DISTRICTS (EXCEPT LOHARDAGA, CHATRA, EAST SINGHBHUM, RAMGARH, LATEHAR, HAZARIBAGH & GUMLA) OF JHARKHAND FOR TRANSPORT OF PADDY& CUSTOM MILLED RICE (C.M.R.) FROM PADDY PROCUREMENT CENTRES TO TAGGED RICE MILLS AND FROM RICE MILLS TO GODOWNS OF F.C.I RESPECTIVELY FOR THE KHARIF MARKETING SEASON FOR 2 (TWO) YEARS 2022-23 & 2023 – 24 TO JHARKHAND STATE FOOD & CIVILSUPPLIES CORPORATION LIMITED

Letter No. : ................ Date : ................

| Bid Details | |
|---|---|
| NIT/Bid Document No. | Dated 30-12-2022 |
| Bidding Document Cost | Tender Document Fee of Rs 10000/- (Rs .Ten thousand only) to be deposited in the Bank A/C of JSF&CSCL. |
| Earnest Money Deposit (EMD)/Bid Security | 24/02/2023 to 03/03/2023 till 5:00 P.M |
| Document Sale Date & Timing i.e. Last Date & time for downloading RFP from website | 24/02/2023 to 03/03/2023 till 5:00 P.M |
| Online Bid Submission Period | 24/02/2023 to 03/03/2023 till 5:00 P.M |
| Technical E-Bid Opening Date & Time | 04/03/2023 |
| Date of Auction | Will be intimate letter. |
| Name and Number of Contact person. | Abhishek Tiwari (C1 India Pvt. Ltd.) - 9795046772/9219516455 Suraj Murmu (C1 India Pvt. Ltd.) -7488569109 |

**Note: Further details can see on website: www.jharkhand.gov.in, https://jhtenders.eproc.in & https://www.sfcjharkhand.in**

पत्रांक : 01/रा.खा.नि./धान अधि./16/2022-800
रांची, दिनांक : 23.02.2023

Managing Director
Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No.1 Channel



# पर्यावरण मेला में राज्यस्तरीय चित्रांकन और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में चल रहे पर्यावरण मेला-2023 के दूसरे दिन राज्य स्तरीय चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। चित्रांकन का विषय द ब्लू प्लेनेट (नीला ग्रह) एवं निबंध का विषय क्लाइमेट चेंज (जलवायु परिवर्तन) था। प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। मेले में बिक्री के लिए काष्ठ निर्मित कलाकृति, हर्बल उत्पाद आदि के स्टॉलो सहित मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, राजस्थान जैसे राज्यों के स्टॉल में वहां के पारम्परिक उत्पाद का प्रदर्शनी लगाया गया, जिसमें युवा वर्ग की काफी भीड़ देखी जा रही है।



इस अवसर पर पर्यावरण मेला के संरक्षक सरयू राय ने कहा कि इस तरह के आयोजन से पर्यावरण के बारे में, प्रकृति के बारे में, आस-पास के परिवेश के बारे में जानने-समझने का अवसर मिलता है। बच्चों की चित्रकारी एवं निबंध की मौलिकता, गंभीरता एवं गहराई को देखकर हमें काफी खुशी हुई है। आज के बच्चे हमारे बचपन की तुलना में पर्यावरण के प्रति काफी गंभीर है एवं प्रदूषण के कुप्रभाव, जंगलों के कटाव के कारण होने वाले पर्यावरणीय असंतुलन के प्रति अधिक चिंतित है।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि, खादी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जयनंदू ने कहा देश के किसी भी कोने में चाहे वह संस्था सरकारी हो, अर्द्धसरकारी हो या फिर निजी संस्थान किसी ने भी इस तरह के पर्यावरण मेला का आयोजन नहीं किया है। इससे देश व राज्य के संस्थानों का पर्यावरण के प्रति रवैया और गंभीरता का अंदाजा स्वतः ही लग जाता है। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद झारखंड के कलाकारों द्वारा पुरुलिया छऊ नृत्य का प्रदर्शन किया, जिसे मेले में आये हुए अपार भीड़ मंत्रमुग्ध देखते रहे।

**आज प्रदूषण एवं मानव स्वास्थ्य पर इसका कुप्रभाव विषय पर परिचर्चा :** शुक्रवार को मेले का मुख्य आकर्षण प्रदूषण एवं मानव स्वास्थ्य पर इसका कुप्रभाव विषय पर परिचर्चा का आयोजन होगा। इस विषय पर डॉ मानस रंजन रे, पूर्व सहायक निदेशक एवं प्रमुख, चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर इंस्टीटयूट, कोलकाता अपना व्याख्यान देंगे। साथ ही मेले का दूसरा मुख्य आकर्षण पाइका एवं कलसा नृत्य की प्रस्तुती होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ अजीत कुमार सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि, डॉ मानस रंजन रे होंगे।

# कृषि वैज्ञानिक डॉ एससी प्रसाद का निधन अपूरणीय सामाजिक क्षति : गोपाल शर्मा

**आरएसएस प्रांत प्रचारक ने उनके घर जाकर श्रद्धांजलि दी और उनके पुत्र और परिजनों को सांत्वना दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड प्रदेश के प्रांत प्रचारक गोपालजी शर्मा ने गुरुवार को मोरहाबादी स्थित सुप्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ एससी प्रसाद के आवास पर जाकर उनके चित्र पर पुष्पमाला चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके पुत्र अधिवक्ता डॉ प्रणव कुमार बब्बू एवं परिवार के अन्य सदस्यों को सांत्वना देने के बाद श्री शर्मा ने कहा कि राइस मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ प्रसाद ने चावल के क्षेत्र में गहन अनुसंधान कर वैसी 14 प्रजातियों का विकास किया जो अपेक्षाकृत कहीं कम सिंचाई में बेहतर उपज देने के मामले में किसानों के लिए मील का पत्थर साबित हुई। उन्होंने कहा कि भारत के किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारने में डॉ प्रसाद की खोज का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से झारखंड ही नहीं वरन सम्पूर्ण राष्ट्र और पूरी दुनिया उनका आभारी रहेगा क्योंकि उन्होंने खाद्यान्न के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



श्री शर्मा ने कहा कि डॉ प्रसाद की विचारधारा पूरी तरीके से राष्ट्रवादी थी, क्योंकि उन्होंने चावल की उन प्रजातियों के ज्यादा उपज और उसे बेहतर बनाने में अपने जीवन का बेहद महत्वपूर्ण समय लगा दिया जिसे अधिकांश लोगों के द्वारा उपयोग किया जाता है। वर्तमान समय में सर्वाधिक लोकप्रिय बिरसा धान 101 से 110 तक, सीता, ब्राउन गोड़ा, कंचन, कावेरी, समेत उन्नत प्रभेद के धान जो पठारी क्षेत्र विशेषकर झारखंड में लोकप्रिय चावल की वो 12 किसमें जो आज हर घर में सभी उपयोग करते हैं। श्री शर्मा ने कहा उन्होंने खाद्यान्न में पिछड़े देश अफ्रीका, फिलीपींस, मलाया में अच्छे उन्नत किस्म के चावल के आविष्कार में सबसे अहम योगदान दिया। विश्व के अधिकांशतः देशों में उन्होंने चावल पर 150 से भी ज्यादा शोध पत्र प्रस्तुत किये। श्री शर्मा ने कहा कि झारखंड में कृषि के विकास के लिए डॉ सतीश चंद्र प्रसाद के सपनों को आगे रखकर उसी के अनुरूप तीव्रता से काम करने की जरूरत है, तभी उद्योग, खनन आदि की तरह ही झारखंड कृषि के क्षेत्र में भी अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धि और अपना सही स्थान प्राप्त कर सकेगा। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य शशांक राज ने चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# रामगढ़ में जनभावना कांग्रेस के साथ, जीत सुनिश्चित : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में जनभावना पूरी तरीके से कांग्रेस के साथ है, क्योंकि कांग्रेस, जमीनी स्तर पर न केवल जन भावनाओं का सम्मान करती है बल्कि उसकी योजनाएं भी पूरी तरीके से आम जनता को ध्यान में रखकर बनायी जाती है।



श्री तिर्की ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने नौ वर्षों के शासनकाल में यह प्रमाणित कर दिया है कि वह उद्योगपतियों के साथ है और आम जनता की सुख सुविधा और उसके लिए लाभकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने के प्रति उसकी कोई रुचि नहीं है। श्री तिर्की ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में काम कर रही सरकार सही दिशा में आगे बढ़ रही है और इसलिए कांग्रेस कदम-कदम पर मजबूती के साथ हेमंत सोरेन के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में झारखंड में न केवल नियोजन नीति बनेगी बल्कि बेरोजगारी को दूर करने के लिये तेज गति से प्रयास भी किये जायेंगे। रामगढ़ उपचुनाव के दौरान श्री तिर्की ने पूरे क्षेत्र का तूफानी दौरा किया और अपने दौरे के क्रम में उन्होंने सघन रूप से घर-घर जाकर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करने की अपील की।

# मुख्यमंत्री जी! इंजीनियर बीरेंद्र राम पर कार्रवाई करें वरना कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने इंजीनियर वीरेंद्र राम पर एफआइआर करने और नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई नहीं की, तो वे कहीं मुंह दिखाने के काबिल नहीं रहेंगे। बाबूलाल ने ट्विट कर कहा कि खबरों के मुताबिक धनकुबेर इंजीनियर वीरेंद्र राम के यहां इडी के छापे के दौरान उनकी पत्नी ने इडी पदाधिकारियों को अपने डायनिंग टेबल में यह कह कर खाना खाने नहीं दिया कि टेबल गंदा हो जायेगा। उन्होंने कहा कि यह इंजीनियर 35000 रुपये की शर्ट पहनता था और उसे धुलवाने की झंझट करने के बजाये उसी कीमत की दूसरी शर्ट खरीद लेता था। इडी इस सबकी कीमत का भी हिसाब-किताब करवाये। बाबूलाल ने कहा कि ऐसे महाभ्रष्ट कुछ सामंती लोगों के चलते हमारा दलित समाज बदनाम होता है। ताज्जुब है कि ऐसे डकैतों के फेंके चंद टुकड़े पर हमारे कुछ नेता और अफसर कदमताल करते हैं और बदनाम पूरी बिरादरी होती है। यह सब सुनकर-देखकर मन विचलित होता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बिना देर किये इस पर एफआइआर करें। फास्ट ट्रैक कोर्ट से सजा दिलायें और नौकरी से बर्खास्त करें, वरना सीएम कहीं मुंह दिखाने के काबिल नहीं रहेंगे।



# ब्रेन में फंसी गोली निकाल गर्भवती पुलिसकर्मी की बचायी जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के न्यूरो सर्जरी के डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर सिर में फंसी गोली को निकाल गर्भवती पुलिस कर्मी की जान बचायी है। दरअसल रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग में एक महिला पुलिसकर्मी इलाजरत थी। उसके सिर में बंदूक की गोली फंसी हुई थी। वह गर्भवती भी थी। सिर में गोली लगने के बाद उसे रिम्स के जेनरल सर्जरी विभाग में एडमिट किया गया था, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे न्यूरो सर्जरी विभाग में डॉ प्रोफेसर अनिल कुमार की यूनिट में भर्ती किया गया था। इसके अगले दिन तकरीबन 5 से 6 घंटे की सर्जरी के बाद सिर के अंदर से बुलेट डॉक्टरों ने निकाली। डॉक्टरों के मुताबिक बुलेट सिर की हड्डी को क्षति पहुंचाते हुए ब्रेन के अंदर चली गयी थी। जिस वजह से ब्रेन का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था।

डॉक्टरों ने बताया कि यह एक चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन था। ऐसी स्थिति में गर्भ में पल रहे बच्चे तथा मां दोनों को खतरा होता है। ऑपरेशन के बाद महिला और गर्भ में पल रहा बच्चा दोनों बिल्कुल स्वस्थ हैं। उन्हें आज डिस्चार्ज कर दिया गया। रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में डॉ विराट हर्ष, डॉ सौरव बेसरा, डॉ दीपक, डॉ अशोक, डॉ विकास कुमार, डॉ हबीब, डॉ कार्तिक और डॉ दीक्षा ने इस ऑपरेशन को सफल बनाया।

बता दें कि जिस महिला का सफल ऑपरेशन किया गया, वह आईआरबी की जवान थी। उसका नाम परदेशिया तिर्की है। वह मांडर के कोरांबी सकरपदा गांव की रहने वाली है। उसे उसके पति मंगल उरांव ने ही गोली मारी थी। गोली लगने के बाद उसे इलाज के लिए आनन-फानन में रिम्स लाया गया था। जहां सफल ऑपरेशन कर उसकी और गर्भ में पल रहे बच्चे की जान बचा ली गयी। गोली मारने के आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल स्टडीज में फ्रेशर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# अनुशासन से जीवन में स्थिरता और लक्ष्यों की प्राप्ति में सुगमता आती है : डॉ तपन शांडिल्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने गुरुवार को कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासन को साथी बनाएं तो कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंट स्टडीज विभाग के द्वारा आयोजित फ्रेशर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर अपने उदबोधन में उन्होंने कहा कि जब हम किसी संस्थान में दाखिला लेते हैं तो दो प्रकार की प्राथमिकताएं उनके समक्ष होती है, पहला अध्ययन और दूसरा उसके माध्यम से करियर विकल्पों का चयन। यहां इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए इन विद्यार्थियों को साधन के तौर पर एक और अनिवार्य तत्व की आवश्यकता होती है, वह है, अनुशासन। अनुशासन से जीवन में स्थिरता आती है और हम व्यवस्थित माध्यम से अपने योजनाओं को क्रियान्वित कर सकती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में आलस्य का त्याग सफलता प्राप्ति के एक अनिवार्य कारक के तौर पर अपनाना चाहिए। वहीं रांची विश्वविद्यालय के हिंदी के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ जेबी पांडेय ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्हें अपने जीवन में उत्साह और आत्मबल को लाने की सलाह दी। मौके पर एनवायरनमेंटल स्टडीज के समन्वयक डॉ सजलेंदु घोष और जंतु विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ केएम खान ने भी अपने विचार रखे। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया और मंच पर द्वीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर एनवायरनमेंटल स्टडीज के समन्वयक डॉ सजलेंदु घोष, डॉ केएम खान, डॉ देबू मुखर्जी और डॉ अमृता के अलावा अन्य शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों की मौजूदगी रही। यह जानकारी प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### हाइकोर्ट ने इडी से पूछा, कितने साइबर अपराधियों की हुई गिरफ्तारी और कितनों की संपत्ति जब्त हुई

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज में साइबर क्राइम की घटना की रोकथाम को लेकर मनोज राय की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) को प्रतिवादी बनाते हुए उसे प्रति शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने प्रार्थी के हस्तक्षेप याचिका (आइए) के आलोक में ईडी से भी पूछा है वह बतायें कि देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज में साइबर क्राइम की घटनाओं में कितने साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हुई और कितने साइबर अपराधियों की प्रॉपर्टी सीज की गयी है। इस पर कोर्ट ने इडी को शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। इससे पहले प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि झारखंड के देवघर, जामताड़ा और साहिबगंज में साइबर अपराधी सक्रिय हैं। इनके द्वारा बड़े पैमाने पर झारखंड से साइबर क्राइम की घटना को अंजाम दिया जाता है। साइबर अपराधी झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों में साइबर ठगी की घटना को अंजाम देते हैं। पुलिस का साइबर सेल है लेकिन यह खास एक्टिव नहीं है। ऐसे में साइबर अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है, इन पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

### रवि रंजन मिश्रा बने जेपीएससी के सचिव

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, संयुक्त सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग रांची के पद पर पदस्थापित रवि रंजन मिश्रा को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक झारखंड लोक सेवा आयोग रांची के सचिव के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### प्रिंस राज श्रीवास्तव को मिला थाईलैंड में अवार्ड



**रांची (आजाद सिपाही)।** एकता ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रिंस राज श्रीवास्तव को थाईलैंड में 21 फरवरी को आयोजित एशिया वन के एशियन बिजनेस एंड सोशल फोरम अवार्ड से सम्मानित किया गया। पनामा के एंबेसडर इट्जेल करीना चेन चान एवम केन्या के एंबेसडर किप्टीनेस लिंडसे कीमवुले के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ। इन्हें रियल इस्टेट एवं युवा वर्ग को आगे बढ़ाने के क्षेत्र में 40 वर्ष से कम उम्र वाले प्रभावशाली युवा लीडर्स 2023 के रूप में चुना गया।

### महिला से बाइकसवार अपराधियों ने छीने दो लाख, जांच में जुटी पुलिस

**रांची (आजाद सिपाही)।** नामकुम चौक स्थित एसबीआइ बैंक से पैसे निकालकर अपने घर जा रही महिला से पल्सर पर सवार दो अपराधियों ने दो लाख रुपये छिनकर फरार हो गये। इस संबंध में महिला विश्वासी टोपनों ने नामकुम थाने में दो अज्ञात बाइक सवार अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र के आरा बड़ाम निवासी विश्वासी टोपनो अपने पुत्र के साथ एसबीआई बैंक से पैसे निकालने आयी थी। पैसे निकालकर वह थैले में रखी थी। इसी दौरान उनका पुत्र सड़क के दूसरी ओर संतरा लेने चला गया। वह भी पीछे से सड़क पार कर रही थी। इसी क्रम में बाइक पर सवार दो अपराधियों ने पैसे से भरा थैला छिनकर फरार हो गये। महिला ने बताया कि वह घर बनाने के लिए पैसे निकालने आई थी । थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है।

### डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल पुनदाग में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** अरगोड़ा-नयासराय पथ स्थित डीएवी आलोक स्कूल पुंदाग में 19वां वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायधीश संजय प्रसाद मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ आलोक कुमार, डॉ राम सिंह (प्राचार्य, डीपीएस), एके मिश्रा (श्रद्धानंद पब्लिक स्कूल), स्वाति मिश्रा (प्राचार्या, अरविंदो स्कूल), सत्य प्रकाश (डायरेक्टर, लोयला स्कूल), राजकुमार साहु (डायरेक्टर, अरविंदो स्कूल), अभिषेक चौहान, (डायरेक्टर, झारखण्ड पब्लिक स्कूल), डॉ राजीव कुमार, और विकास कुमार उपस्थित रहे।

### श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक 26 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक 26 फरवरी कों दोपहर 1 बजे मंदिर प्रांगण में होंगी। महासमिति के कोषाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया की बैठक में पुरानी कमेंटी भंग कर नयी कमेंटी के गठन की तिथि का निर्धारण किया जाएगा। इस बार भव्य रूप से रामनवमी महोत्सव और चैती दुर्गा पूजा मनाने के साथ कमेंटी में राजधापनी के कई धार्मिक संस्थाओं के लोगों कों जोड़ने पर विचार होगा। यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

### भाजपा प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा ने समाज सुधारक संत बाबा गाड्गे की जयंती मनायी

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में प्रदेश कार्यालय में महान समाज सुधारक संत बाबा गाड्गे की जयंती के अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने पुष्प अर्पित किया। उन्होंने कहा की आज हम स्वच्छ्ता के सबसे बड़े पैरोकार की 147वीं जयंती मना रहे है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पूरे भारत मे स्वच्छता को लेकर सभी लोगो मे जागरूकता का भाव लाया। आज हम अपनी श्रद्धांजलि समाज के सबसे बड़े संत को समर्पित करते हुए हर्ष हो रहा है। इस में जोगेंद्र लाल, राजीव राज लाल, सूर्या प्रभात, सुबोधकांत, पंकज सहदेव, अजय कुमार सिंह, रामकुमार दुबे, राजू साव, अभय पांडेय, भूपेंद्र सिंह, सुखदेव प्रसाद साहू और रवि गिरि आदि मौजूद थे।

## अरगोड़ा थाना प्रभारी हाइकोर्ट की शरण में इडी के समन के खिलाफ दायर की याचिका

**रांची (आजाद सिपाही)।** इडी द्वारा समन जारी किये जाने के बाद रांची के अरगोड़ा थाना के थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने झारखंड हाइकोर्ट की शरण ली है। अरगोड़ा थाना प्रभारी ने झारखंड हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दाखिल की है। अपनी याचिका में उन्होंने इडी द्वारा उन्हें समन देकर पूछताछ के लिए बुलाये जाने की प्रक्रिया को अनुचित बताया है। फिलहाल इस याचिका पर अदालत में सुनवाई नहीं हुई है। बता दें कि सरकार गिराने की साजिश से जुड़े मामले में कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने अरगोड़ा थाना में ही जीरो एफआइआर दर्ज करायी थी।

## होली से पहले बीआरपी-सीआरपी को मिला तोहफा, मानदेय बढ़ाने की मंजूरी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में कार्यरत बीआरपी-सीआरपी को होली से पहले खुशखबरी मिलेगी। उनके मानदेय में बढ़ोतरी की जाएगी। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने उनके मानदेय में बढ़ोतरी के प्रस्ताव की मंजूरी दे दी है। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने होली से पहले राज्य भर के बीआरपी-सीआरपी को तोहफा दिया है। अब शिक्षा परियोजना के तहत कार्यरत बीआरपी-सीआरपी के मानदेय में 50 फीसदी तक वृद्धि होगी। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। मालूम हो कि राज्य में करीब तीन हजार बीआरपी-सीआरपी बीते 15 साल से काम कर रहे हैं। उन्हें सर्वशिक्षा अभियान के तहत रखा गया है।

## सरहुल पूजा महोत्सव को लकर केंद्रीय सरना समिति की बैठक आयोजित



**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय 13 आर आईटी बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची में सरहुल पूजा महोत्सव 2023 को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फुलचंद तिर्की ने की। बैठक में सर्व समिति से सरहुल पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। 23 मार्च 2023 शुक्ल पक्ष द्वितीय को उपवास और मछली केकड़ा पकड़ना। वहीं दिनांक 24 मार्च 2023 को पूजा और दोपहर 1 बजे से सरहुल शोभायात्रा। दिनांक 25 मार्च 2023 शुक्ल पक्ष चतुर्थी को फुलखोंसी कार्यक्रम होगा। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरहुल प्राकृतिक पूजक आदिवासियों को सबसे बड़ा त्योहार है। इस त्योहार को आदिवासी बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। वहीं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के महासचिव विमल कच्छप ने कहा कि सरकार को आदिवासियों की चिंता नहीं है। यह सरकार ईसाई और मुसलमान की चिंता करते हैं। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक भुनेश्वर लोहरा, महासचिव संजय तिर्की, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, सहाय तिर्की, सचिव विनय उरांव, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के महासचिव विमल कच्छप, बाना मुंडा, दिपक जयसवाल, झारखंड मसना विकास समिति के महासचिव बुधराम उरांव एवं अन्य शामिल थे।

## पारस अस्पताल में थ्री डी विजन के साथ की गयी लेप्रोस्कोपी सर्जरी




**रांची (आजाद सिपाही)।** पारस एचइसी अस्पताल में पहली बार थ्री डी विधि से लेप्रोस्कोपी सर्जरी की गई। 64 वर्षीय महेश झा और 35 वर्षीय कविता सहदेव का एडवांस्ड लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन किया गया। प्रबंधन ने दावा किया कि देश के गिने चुने शहरों में इस तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। रांची जैसे शहर के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह सर्जरी डॉ नेजर रमेश दास और उनकी टीम के देख रेख में किया गया। प्रबंधन ने बताया कि पिछले सप्ताह असहनीय दर्द से परेशान होकर कविता सहदेव ने सर्जरी विभाग में परामर्श लिया। डॉ मेजर रमेश दास और डॉ ओम प्रकाश ने बीमारी की गंभीरता और मरीज की पीड़ा को देखते हुए श्री डी विजन लेप्रोस्कोपिक विधि से ऑपरेशन का निर्णय लिया। डॉ मेजर रमेश दास ने बताया की इस विधि से ऑपरेशन में आधे से भी कम समय लगता है। बेहोशी में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां भी कम लगती हैं। जिनके वजह से मरीज जल्द होश में आता है जिससे रिकवरी तुरंत हो पाती है।

### इडी की जांच में हुआ बड़ा खुलासा

# आइएएस अधिकारियों और मंत्रियों के बीच बंटता था चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के कमीशन का पैसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी की जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के कमीशन का पैसा शीर्ष आइएएस अधिकारी और मंत्रियों के बीच बंटता था। जांच में यह भी पता चला है कि वीरेंद्र राम जल संसाधन विभाग के अधिकारी हैं, लेकिन सत्ता में पहुंच रखने के कारण ग्रामीण विकास विभाग में प्रतिनियुक्ति मिली थी। सेंटर मैनेजर खेल में वीरेंद्र राम की अहम भूमिका थी। टेंडर मैनेज के लिए वीरेंद्र राम कमीशन लेता था, जो उच्च अधिकारी और मंत्रियों के बीच बंटता था।

जांच के दौरान वरिष्ठ नौकरशाहों और राजनेताओं के नाम सामने आये हैं, जिनकी जांच इडी द्वारा की जा रही है। बता दें वीरेंद्र राम के ठिकाने पर



लगातार दो दिन छापेमारी में इडी ने डेढ़ करोड़ के गहने 25 लाख नगदी सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज के साथ 125 करोड़ की संपत्ति की जानकारी मिली थी। इसके बाद बुधवार को इडी ने वीरेंद्र राम को हिरासत में ले लिया, पूछताछ के बाद देर रात गिरफ्तार कर लिया गया।

### पूछताछ में कमाई का जरिया नहीं बता पाया वीरेंद्र राम

इडी की छानबीन में वीरेंद्र राम और उसके रिश्तेदार के खाते में करोड़ रुपये मिले हैं। इडी के पूछताछ में इंजीनियर वीरेंद्र राम इन कमाई का जरिया नहीं बता पाया। वीरेंद्र राम की पत्नी के खाते में 9.30 करोड़ और पिता के खाते में 4.50 करोड़ रुपये मिले हैं। ग्रामीण विकास के इंजीनियर वीरेंद्र राम इनकम टैक्स रिटर्न में भी गलत जानकारी देता था। वीरेंद्र राम ने अपने पैसे ठिकाना लगाने के लिए सीए मुकेश मित्तल से संपर्क किया था। इसके लिए वीरेंद्र राम ने उसे पांच करोड़ रुपये दिये थे।

वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम के बैंक खाते में एक महीने के भीतर ही 4.48 करोड़ रुपये जमा किये थे। दिल्ली के पॉश इलाके में पिता के नाम पर एक संपत्ति खरीदने के लिए इस्तेमाल किया गया था।

वीरेंद्र राम ने वर्ष 2003 और 2019 में जमशेदपुर में दो डुप्लेक्स खरीदे। 2006-07 में रांची के पिठोरिया में एक प्लॉट खरीदा, 2023 में छतरपुर में पिता के नाम पर एक प्लॉट खरीदा गया। 2015 और 2019 में नयी दिल्ली में साकेत (डी ब्लॉक) और डिफेंस कॉलोनी में अपनी पत्नी के साथ दो संयुक्त आवासीय संपत्तियां खरीदीं थी। बेटे आयुष रैपसन, पत्नी के अलावा एक पनामाती देवी, अंकित साहू और राजेश कुमार कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से वाहन खरीदे गये थे।

### आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने की सुनीता चौधरी के समर्थन में चुनावी सभा

# चूल्हा तक पहुंच गया हमारा चूल्हा प्रमुख : सुदेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** विधानसभा में लोग प्रणाम करके अंदर जाते हैं, और वह जीवन का सपना होता है, जहां जाकर सवा 3 करोड़ जनता की सेवा के लिए ईश्वर से प्रार्थना और आशीर्वाद हम लोग लेते हैं। उसी जगह पर खड़ा होकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दायित्व वाला व्यक्ति दिन-रात झूठ बोलते रहते हैं। हर पटल पर आकर सिर्फ और सिर्फ झूठ ही बोलते हैं और राज्य की जनता को उन्होंने बरगला कर रखा है। ऐसे राजनेता से झारखंड को बचाने के लिए ना केवल विधायक जिताना है, इस प्रदेश को एक नई राजनीतिक दिशा देने के लिए 27 तारीख को आप सभी को ऐतिहासिक वोट एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में करना है। उक्त बातें गुरुवार को छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 के कोइरी टोला फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के सुप्रीमो सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कही। उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी हमेशा रहती है, जो हमारे लिए, राज्य के लिए और देश के लिए काम करता है उसका सेवक बनकर काम करना हमारी जिम्मेदारी है। इसीलिए हम लोगों ने चूल्हा प्रमुख बनाया है, ये कांग्रेस और झामुमो को समझ में नहीं आयेगा और इसका जवाब देने के लिए रामगढ़ के जनता तैयार हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि शहर में वोट प्रतिशत काफी कम रहती है, लेकिन इसे बढ़ाने के लिए आप सभी को आगे आकर वोट प्रतिशत बढ़ाना है।

### 2004 में रामगढ़ की जनता ने एक नेतृत्वकर्ता को चुना था जिसका नाम चंद्रप्रकाश है

जनसभा को संबोधित करते हुए आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि 2004 के चुनाव में रामगढ़ की जनता ने एक नेतृत्वकर्ता चंद्रप्रकाश चौधरी को चुना था। वोट के बाद राजनीतिक में वोट का सम्मान वापस किया जाता है और यह चंद्रप्रकाश चौधरी ने करके दिखाया है। 2000 के बाद से रामगढ़ के विकास में गति आया और 2004 के बाद से एक बेहतर नेतृत्व मिला है और यह संभव हो पाया तब जब आप लोगों ने चंद्रप्रकाश चौधरी को जीता कर विधानसभा भेजा था। उन्होंने कहा कि जिला का एक भी कोना नहीं छूटा था, जहां चंद्रप्रकाश चौधरी ने पक्का सड़क नहीं बनवाया था। कहा कि मुख्यमंत्री का पैतृक गांव जाने वाली सड़क को भी इन लोगों ने नहीं बनवाया है, चंद्रप्रकाश चौधरी ने बनवाया है, जबकि इनके पिता और मुख्यमंत्री राज्य के कई बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। फिर भी अपना गांव का विकास नहीं कर पाए और वह राज्य का क्या विकास करेंगे। मुख्यमंत्री का रिश्ता रामगढ़ से सिर्फ और सिर्फ वोट का है। 3 साल सरकार में अगर वह कुछ किए हैं तो उन्हें खुले मंच से बोलना चाहिए था, हां मैंने रामगढ़ के लिए कुछ किया है। मुख्यमंत्री मंच पर चढ़कर चूल्हा प्रमुख की चर्चा कर रहे हैं, मुख्यमंत्री जी हम लोग तो रामगढ़ के चूल्हा तक पहुंच गए हैं, आपका काम अभी तक रामगढ़ के गली चौखट तक नहीं पहुंच पाया है और आपका विकास कहीं दिखाई नहीं देता है। उन्होंने कहा कि इनका सेवा वोट से है और हमारा परिवार से हैं, इसलिए हर परिवार का ख्याल रखने वाला संगठन आजसू पार्टी है।

**ये थे उपस्थित:** आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, कैलाश मुंडा, निरंजन मुंडा, लेखराज महतो, विक्रम कुशवाहा, प्रभात अग्रवाल, दीपू सिंह, पंकज कुशवाहा, पिंकी शर्मा, प्रीति देवी, सुनीता देवी, यशोदा देवी, नैनी देवी, नीलम देवी, सुनीता कुमारी, रानी देवी, निशा कुमारी, दिलीप कुमार, अमित कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### चंद्रगुप्त माइंस को लेकर उरसु देवी मंडल खेल मैदान में जन सुनवाई का आयोजन

# रैयतों के भरोसे पर खरा उतरने का सीसीएल हरसंभव करेगा प्रयास : जीएम

राजेश कुमार ठाकुर

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उरसु देवी मंडप, फुटबॉल मैदान में गुरुवार को प्रस्तावित चंद्रगुप्त ओसीपी कोयला खनन परियोजना के पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद रांची द्वारा आयोजित पर्यावरणीय लोक सुनवाई कार्यक्रम शांतिपूर्वक, रैयतों की अपार जन समर्थन के बाद संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चित्र भू राजस्व पदाधिकारी गौरंग महतो, संचालन रीजनल ऑफिसर जेएसपीबी हजारीबाग अशोक कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्य अधिकारी जेएसपीसीबी रांची कुमार गौरव जैन, टंडवा सीओ विजय कुमार दास, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, आम्रपाली-चंद्रगुप्त जीएम अमरेश कुमार सिंह, चंद्रगुप्त जीएम समंवय अवनेश कुमार, नोडल पदाधिकारी आम्रपाली चंद्रगुप्त पीके सिंहा, चंद्रगुप्त पीओ मनोज कुमार, सहायक प्रबंधक विवेक कुमार, पर्यावरण पदाधिकारी आम्रपाली-चंद्रगुप्त मोनू कुमार रॉय, एसीसीएचपीएल उपाध्यक्ष एके दत्ता, सुशी इंफ्रा कंपनी लिमिटेड जीएम आर. एस. यादव मौजूद थे। इस लोक सुनवाई कार्यक्रम में पोकला और कसयाडीह मुखिया सरिता कुमारी ने कहा कि रैयतों को गैर मजरूआ एवं रैयतों दोनों को समतुल्य दर से मुआवजा एवं नौकरी देने को प्रबंधन से कही। वही उत्तरी जिप सदस्य देवंती देवी ने कहा कि कौन खनन परियोजना अखंड भारत को यह कह रही है,जमीन, जंगल, देखकर समर्पित कर रहे हैं, भविष्य में लोगों को झूठा केश में एवं दलालों से बचाते हुये रैयतो को रैयती गैरमजुरुआ को एक समान रूप से कैंप लगाकर भूमि सत्यापन कर नौकरी मुआवजा रोजगार को बहाल करने संबंधी देने का मांग किया। वही उर्सु नवासी विनोद भुइयां ने कहा कि बाहरी लोगों के द्वारा जाली पर्चा बनाकर नौकरी कर रहे हैं और सत्यापन में लगे है, उन्हें स्थलीय जांच कराकर ग्राम सभा के माध्यम से जमीन वापस करने की मांग किया। वही सीतलि देवी ने प्रबंधन को हमेशा रैयतों को प्रति स्नेह दुःख सुख में साथ देने की बात कहि। इस लोक सुनवाई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि इस माइंस को संचालन के लिए एससीसीएचपीएल को एमडीयू के रूप में 25 वर्षों के लिए दिया गया है।यह परियोजना 41 वर्ष का है। सीसीएल हमेशा रैयतों का ख्याल हमेशा रखती आयी है। यहां भी नियम संगत व्यवस्था दी जायेगी। उन्होंने कहा कि सीसीएल पुनर्वास के लिए होंहे के टाउनशिप के सामने जमीन उपलब्ध करा रखी है। वही सीओ विजय कुमार दास ने भविष्य में भटकाव की संभावनाओं पर कहा कि रैयतों को 30 वर्षों से ऊपर दखल कब्जा वाली गैरमजरूआ जमीन को हम लोग सत्यापन कर सरकारी प्रवधान अंतर्गत नौकरी मुआवजा देने के लिए अंचल प्रतिबद्ध है। इसके लिए भर्म में ना रहने की बात कही,सत्यापन के नाम पर अंचल में कोई भी पैसा नहीं ली जायेगी, उन्होंने जीएम से कहा कि स्वास्थ्य सुविधा के लिए सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, केंद्रीय विद्यालय, पार्क एवं स्प्रिंग द्वारा सड़कों पर पानी का छिड़काव कराने की दिशा में कई मांगे जनता की ओर से किया है। उन्होंने पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण कराने की बात कही। लोक सुनवाई कार्यक्रम में उरसु गांव के रैयत सूरज उरांव, जीवन नारायन दास ने जीएम को ग्यारह सुत्री मांग सौंपी। इसमें भूमि सत्यापन,सरकार के आदेश 75% रोजगार सृजन कराने, कई शामिल है।




**चंद्रगुप्त माइंस की क्षमता:** चंद्रगुप्त परियोजना खुली खदान होगी। इस परियोजना से प्रतिवर्ष 15/20 मिलियन टन उत्पादन लक्ष्य निर्धारित है। इस परियोजना में कुल 1495.01 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण किया गया है इसमें वन क्षेत्र 534.01 हेक्टेयर, गैरमजरूआ जंगल झाड़ी आम से 14.91 हेक्टेयर से 659.34 हेक्टेयर भूमि शामिल है। इस परियोजना का कोयक जी 11 होगा, यह परियोजना का लागत 973 करोड़ है। प्रत्यक्ष रूप से रोजगार 1247 एवं अप्रत्यक्ष रूप से 8000 रोजगार के अवसर होंगी। निकालने योग्य कोयला 527.30 मीट्रिक ट्रीलियन टन कोयला उत्खनन किये जायेंगे इस परियोजना में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 12 स्टेशन वायु, ध्वनि, भू-जल सत्तही जल के लिये निगरानी सूची में भारत सरकार प्रदूषण बोर्ड के द्वारा निर्देशित है।

### इनकी रही मौजूदगी

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि महेश वर्मा, उतरी जिप सदस्य देवंती देवी, कासियाडीह मखिया सरिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि गोपाल महतो, सूरज उरांव, राजेंद्र साहू,प्रीतम सिंह, विनोद राम, शीतली देवी, रमेश वर्मा, सुंदर गुप्ता, अर्जुन उरांव, राजकुमार नारायणदास, गंगा देवी, राहुल उरांव, गौरव गुप्ता,जयलाल कुजूर, सुकेश खलखो, शिक्षिका नुशीला कुजूर, मालती देवी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पतरातू में जी-20 देश के सदस्यों के आगमन को लेकर तैयारी तेज



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** लेक रिसॉर्ट पतरातू में शांति, सुरक्षा की प्रक्रिया के बीच दुनिया के कई देशों से आने वाले विदेशी मेहमानों को ठहरने के लिए 3 जी प्लस वीआइपी गेस्ट हाउस और सरोवर विहार सहित पतरातू डैम परिसर की मनोरम खूबसूरती का भी एहसास दिलाया जायेगा। इसके लिए अधिकारियों द्वारा होने वाले 2 और 3 मार्च को जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी में जुट गया है। गुरुवार को प्रधान सचिव वित्त विभाग के अजय कुमार, अतिरिक्त प्रधान सचिव पर्यटन विभाग के अमिताभ कौशल, पर्यटन विभाग के सचिव अंजली यादव, आइजी पंकज कंबोज, डीआइजी नरेंद्र कुमार सिंह, कोडरमा डीडीसी ऋतुराज, टूरिज्म विभाग के उप सचिव सुरेंद्र कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों संग जी-20 सम्मेलन की तैयारी का जायजा लेने पतरातु लेक रिजॉर्ट पहुंचे। यहां पहुंचकर अधिकारियों ने पतरातू डैम परिसर जी 20 शिखर सम्मेलन की तैयारी का जानकारी ली। अधिकारियों ने आपस में चर्चा करते नजर आए की यहां पर प्रबंध बेहतर होनी चाहिए। ताकि पतरातु लेक रिसोर्ट पहुंचने वाले विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों को झारखंड राज्य की समृद्ध लोक कला और संस्कृति का अनुभव करने का भी अवसर मिलना चाहिए। अधिकारियों द्वारा पतरातू डैम परिसर में अतिथियों के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाने आदि सुविधा एवं अन्य प्रबंधों को लेकर की जा रही तैयारियों पर भी झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के पदाधिकारियों से फीड बैक भी प्राप्त किया गया। इस मौके पर पतरातू अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे, पतरातू इंस्पेक्टर रोहित कुमार, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार, सरोवर विहार के मैनेजर अरुण कुमार सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।


## सिविल सर्जन कार्यालय में उपाधीक्षक के साथ बदसलूकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला सिविल सर्जन कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों की ओर से अस्पताल के उपाधीक्षक के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले को लेकर चिकित्सकों में भारी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार दोपहर बाद 3:00 बजे 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम जेएमएम नेता ताहिर अंसारी स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि कंचन साहू सहित 3 दर्जन से अधिक लोग सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में अचानक आ धमके। और सिविल सर्जन से बीते 3 वर्ष में कार्य प्रणालियों की हिसाब मांगने लगे। उस दौरान उक्त सभी पदाधिकारियों ने सिविल सर्जन अस्पताल के उपाधीक्षक और डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह को हॉल में बैठा कर एक एक का हिसाब देने का निर्देश दिया। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एकाएक हिसाब देने में अपना हाथ खड़ा कर दिया। और उसी दौरान बातचीत होने लगी तभी आक्रोशित झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार के सभी गेट बंद कर हंगामा करने लगे। उस दौरान अभद्र गाली गलौज और हाथापाई भी करने लगे। जिसके बाद जेएमएम नेताओं की अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अवधेश कुमार सिंह के साथ तीखी नोकझोंक होते हुए हाथापाई हो गई। इसके बाद उपाधीक्षक हॉल से निकल कर चले गए। उसके बाद भी जेएमएम नेता रुकने का नाम नहीं लिया। लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए जमकर हंगामा किया। करीब 1 घंटे के हंगामे के बाद वहां से उक्त लोग निकल कर चले गए। जानकारी के अनुसार 2:30 पहुंचे। जेएमएम नेताओं ने सिविल सर्जन अस्पताल के उपाधीक्षक पर विभिन्न तरह के आरोप लगाते हुए विरोध किया। हंगामे के दौरान नेताओं का कहना था कि अस्पताल के उपाधीक्षक मनमानी तरीके से काम कर रहे हैं। कुछ दिन पहले एक लावारिस शव को उठाने के लिए फोन करने पर दुर्व्यवहार भी किया। जानकारी के अनुसार सिविल सर्जन कार्यालय में हुई घटित घटना के जानकारी झांसा एवं आई एम ए को दिया जाएगा। खबर लिखे जाने तक थाना में किसी तरह का प्राथमिकी दर्ज नहीं करायी गयी है।

इधर उक्त मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम ने बताया कि सिविल सर्जन कार्यालय में किसी भी तरह का मामला नहीं हुआ है। वहीं सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि 40 से 50 की संख्या में जेएमएम नेता पहुंचकर बीते 3 वर्ष का हिसाब मांगने लगे। इस दौरान उनलोगो ने हंगामा और नोकझोक भी किया, जबकि आईएमए के सचिव डॉक्टर कुमार निशांत सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी अभी संगठन को नहीं हुई है। मामला सामने आएगा तो आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान ने आजसू पार्टी को दिया समर्थन




**गोला (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान ने रामगढ़ उपचुनाव में आजसू पार्टी को समर्थन देने का निर्णय लिया है। गुरुवार को झींझरी टांड़ स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में झामुमो उलगुलान के प्रदेश स्तर के नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस किया। प्रेस कांफ्रेंस में केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा मार्डी, प्रदेश महासचिव बेनीलाल महतो ने बताया कि रामगढ़ उपचुनाव में हमारी पार्टी आजसू पार्टी को समर्थन करेगी। पार्टी पूरे तन, मन, धन के साथ आजसू पार्टी को जिताने का काम करेगी। हमलोग पहले भी एनडीए के साथ थे। अभी भी है। हमारी पार्टी इस विधानसभा में जनसमस्याओं के लिए उलगुलान करते आयी है। हमारा यहां मजबूत जनाधार है। आगे बताया कि हेमंत सरकार राज्य के सभी मुद्दो पर फेल है। स्थानीय नियोजन नीति,ओबीसी आरक्षण ,पांच लाख नोकरी आदि मामलों में सरकार कटघरे में है। मौके पर केंद्रीय सचिव दिगंबर,जिला सचिव दीपक सिंह टाइगर आदि लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल एंबुलेंस की देरी से लोगों में नाराजगी

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग घुटुवा शुक्रवार बाजार में मोटरसाइकिल एवं टैंकर की टक्कर में दो लोग घायल हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार भुरकुंडा ओर से तेज रफ्तार आती मोटरसाइकिल संख्या जेएच 03 एच 3309 व घुटुवा बस्ती से निकलता हुआ अज्ञात टैंकर से टक्कर हो गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दोनों लोग घायल होकर गिर पड़े, जिसमें डकरा खिलाड़ी निवासी अभिजीत कुमार की स्थिति नाजुक बताई गई है। स्थानीय लोग एवं पुलिस प्रसाशन की मदद से घायल को सदर अस्पताल रामगढ भेजा। बरकाकाना पुलिस ने घटना स्थल से मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लिया।

# गढ़वा जिला के 32वें उपायुक्त के रूप में शेखर जमुआर ने किया पदभार ग्रहण



**कहा- जिले के विकास कार्यों को ससमय पूर्ण कराना एवं सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना होगी प्राथमिकता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के 32वें उपायुक्त के रूप में आज शेखर जमुआर ने निवर्तमान उपायुक्त रमेश घोलप से पदभार ग्रहण किया। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में निवर्तमान उपायुक्त ने नव नियुक्त उपायुक्त को पुष्प गुच्छ भेंट कर गढ़वा जिला में स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दी।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात उपायुक्त ने समाहरणालय के सभागार में उपस्थित जिले के पदाधिकारियों से परिचय लिया एवं एक साथ मिलकर गढ़वा जिले के विकास के लिए कार्य करने की बात कही। उन्होंने जिले के विकास कार्यों को आगे ले जाने एवं सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने को लेकर सभी विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाते हुए प्राथमिकता के आधार पर ससमय कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिना किसी कारण कार्यों को लंबित न रखने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने उपायुक्त को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# गढ़वा के नये उपायुक्त ने पदभार ग्रहण करने के बाद मां गढ़ देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला के नये उपायुक्त शेखर जमुआर पदभार ग्रहण करने के बाद गुरुवार को मां गढ़ देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी राज राज महेश्वरम, अंचल पदाधिकारी मयंक भूषण, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष विनोद जायसवाल, उपाध्यक्ष मुन्ना मोबाइल, संदीप कुमार गुप्ता, हल्का कर्मचारी अरविंद पटवा, शम्भु केशरी, संदेश कायंस्कार, मृत्युंजय, जय पटवा, भोला केशरी, जवाहर चंद्रवंशी आदि लोगों ने माता रानी का चुनरी प्रसाद स्वरूप भेंट प्रदान कर उपायुक्त महोदय को सम्मानित किया गया।

# झामुमो प्रखंड कमेटी ने समारोह आयोजित कर अंचल के पत्रकारों को किया सम्मानित



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** झामुमो प्रखंड कमेटी के द्वारा गुरुवार को सम्मान समारोह आयोजित कर अंचल के पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस दौरान झामुमो के जिला एवं प्रखंड पदाधिकारियों ने पत्रकारों को अंगवस्त्र व डायरी भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर पत्रकारों ने चुनौतियों के साथ समस्याओं को साझा किया, तो जनप्रतिनिधियों ने माना कि सरकारों ने अब तक इस चौथे स्तम्भ को उपेक्षित रखा है। झामुमो जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम व पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने सरकार के समक्ष पत्रकारों का मजबूती से पक्ष रखने का विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की आत्मा हैं, फिर भी कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों को न्यूनतम पारिश्रमिक व आवासीय सुविधा दिलाने के लिए सरकार के समक्ष मजबूती से पक्ष रखने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि ने समाज को दिशा देने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, सचिव विनोद सिंह, सुरेश गुप्ता, दीपक वर्मा, अख्तर अंसारी, शमशेर अंसारी, शशि दुबे, रामदास राम, उपप्रमुख पिंटू टोपो, सुरेन्द्र सिन्हा, रामदास राम आदि उपस्थित थे।

## प्रेस कांफ्रेंस : सांसद पहुंचे गढ़वा, केंद्रीय बजट की सराहना की

# बजट अर्थव्यवस्था को मजबूती और स्थिरता प्रदान करेगी : वीडी राम

**पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत लोगों की चिर परिचित मांग बाईपास निर्माण का कार्य भी चल रहा है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** स्थानीय सांसद विष्णु दयाल राम लोकसभा सत्र खत्म होने के बाद गढ़वा पहुंचे। उन्होंने रेहला रोड स्थित आरकेवीएस बी.एड कॉलेज के प्रांगण में केंद्रीय बजट के विषय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। केंद्रीय बजट को लेकर सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि यह बजट अमृत काल का पहला बजट है। जो आगामी 25 वर्षों के आधार पर बजट पेश किया गया है। भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती एवं स्थिरता प्रदान करने वाली इस बजट का विरोधी पक्ष के लोग आलोचना भी नहीं कर सकते। आजादी के 75 साल में दुनिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकता सितारा माना है। हमारा आर्थिक विकास दर 7% होने का अनुमान है। जो 2027 तक जापान, जर्मनी जैसे देशों को पीछे छोड़ते हुए तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था हो जाएगी। 2023- 24 के बजट में लगातार तीसरी बार 33% की बढ़ोतरी के साथ कैपिटल इंवॉल्वमेंट के लिए 10 लाख करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न मंत्रालयों में राशि का आवंटन किया गया है। जो पिछले आवंटन की तुलना में इस वर्ष बढ़ोतरी की गयी। इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को गढ़वा पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन करता हूं। साथ ही इस आम बजट में स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन की शुरुआत किये जाने का निर्णय केंद्र सरकार की आदिवासी विकास के प्रति गंभीरता को दिखाता है। अगले तीन साल में 740 एकलव्य स्कूल के लिए 38800 टीचर और सपोर्ट स्टाफ नियुक्त किये जाएंगे। वहीं देशभर में 40 स्किल इंडिया सेंटर स्थापित किये जाएंगे। वहीं रेलवे कार्य क्षेत्र के लिए 2 लाख 40 हजार करोड़ रुपए बजट दिए गए हैं। जिससे पलामू संसदीय क्षेत्र एवं आसपास के जिलों की जनता को चिरपरिचित मांगों को पूरा किया जाएगा एवं सभी स्टेशनों का सुंदरीकरण एवं यात्रीगण की सुविधा को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना का बजट को भी बढ़ाते हुए 69 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया है, जो पीएम आवास योजना में 66% की बढ़ोतरी दिखाती है। देशभर में 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ 157 नये नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे जबकि वहीं क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार लाने के लिए 50 अतिरिक्त हवाई अड्डा वाटर एयरड्राप लैंडिंग ग्राउंड का पूनरूद्धार किया जाएगा। पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चियांकी एयरपोर्ट को पूर्व में ही क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के अंतर्गत सम्मिलित कर लिया गया था। परंतु राज्य सरकार की लापरवाही के कारण एयरपोर्ट की भूमि अधिग्रहण का मामला लटका हुआ है। जिसके लिए मैं लगातार प्रयासरत हूं। पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चिर परिचित मांग लोगों के बाईपास का कार्य भी चल रहा है। इस बजट में सरकार ने एक जनवरी 2023 से पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत सभी अंत्योदय एवं प्राथमिकता वाले परिवारों को मुफ्त राशन देने के लिए योजना को अगले एक साल तक बढ़ाने की घोषणा की है। जिसके लिए दो लाख करोड़ रुपये खर्च वहन किया जाएगा। यह बजट सत्र विकास और आजादी के 100 साल बाद भारत की परिकल्पना का बजट है।

मौके पर भाजपा कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडे, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, अंजनी उपाध्याय, चंदन जायसवाल, प्रवीण जयसवाल व अन्य उपस्थित थे।

# धूमधाम से मना रंका गढ़ देवी मंदिर का शताब्दी समारोह

**कलाकार इसरत जहां और दलजीत सिंह दिवाना ने भक्ति गीत प्रस्तुत कर खूब किया मनोरंजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रंका।** रंका गढ़ देवी मंदिर का शताब्दी समारोह धूमधाम से मनाया गया। रंका के आचार्य भोला नाथ पांडेय, बालेश्वर दूबे और देवेंद्र नाथ पाठक द्वारा वेद मंत्रोच्चारण के साथ भगवती की पूजा-अर्चना की गयी। रंका के राजा कुमार गोबर्द्धन प्रसाद सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी, रंका के युवराज कुमार गुलाब सिंह, मोरध्वज प्रसाद सिंह, गोरक्षण प्रसाद सिंह, दिलीप सिंह, शिक्षक धीरज कुमार सिंह, रविन्द्र सिंह, विनोद सिंह तथा रंका गढ़ के समस्त परिवार की अगुआई में मां गढ़ देवी की पूजा-अर्चना की गयी। इसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। बताते चलें कि फाल्गुन शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि के दिन 100 वर्ष पूर्व मां भगवती देवी मंदिर की आधारशीला गढ़ परिवार के राजा द्वारिका प्रसाद सिंह की धर्मपत्नी रितु राजेश्वरी कुंवर देवी ने रखी थी। सौ साल पूर्ण होने पर भगवती की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राजा बहादुर गिरिवर नारायण सिंह, ठकुराई द्वारिका प्रसाद सिंह, ठकुराई यदुनाथ प्रसाद सिंह एवं राजा गोविंद प्रसाद सिंह के नाम से स्वागत तोरणद्वार आकर्षण का केंद्र बना। इस अवसर पर सोनपुरवा गांव के कीर्तन मंडली के द्वारा संध्या बेला में भक्ति भजन कीर्तन प्रस्तुत किये गये। तत्पश्चात रात्रि 8.30 बजे से मुंबई के जाने-माने कलाकार इसरत जहां और धनबाद के दलजीत सिंह दिवाना ने एक से बढ़कर एक भक्ति भजन गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया और खूब मनोरंजन किया।

गढ़ देवी मंदिर शताब्दी समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि के रूप में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह ने मंत्री जी के सौजन्य से 21000 रुपये पूजा कमेटी को सहयोग राशि प्रदान की।

# हादसे को आमंत्रण दे रहा सड़क किनारे खड़ा सूखा पेड़



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के बगल में पेयजलापूर्ति विभाग के सामने बेड़ो-लोहरदगा सड़क किनारे लिप्ट्स का सूखा पेड़ कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। इस सूखे पेड़ को विभाग व प्रशासन के जिम्मेदार द्वारा हटाने के लिए कोई पहल नहीं हो रही है। जबकि इसके बगल में पेयजलापूर्ति विभाग प्रखंड कार्यालय व इसके सामने में कई दुकान, ऑटो स्टैंड है। जहां दर्जनों लोगों का आवागमन लगा रहता है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग इन्हें कटवाने को लेकर संवेदनशील नहीं दिख रहा। लोगों की मानें तो तेज हवा से ये पेड़ कभी भी धराशायी हो सकता है। जिससे सड़क पर आने-जाने वाले राहगीरों को क्षति भी हो सकती है। वहीं इसको लेकर दुकानदारों व लोगों का कहना है कि विभाग के अधिकारियों को किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

# मेराल-बंका रोड पर रेलवे फाटक से लगने वाले जाम से जल्द मिलेगी मुक्ति



**मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की पहल पर अंडरपास रोड की मिली स्वीकृति, लोगों में हर्ष**

**बलराम शर्मा**

**मेराल।** बंका सहित प्रखंड के कई पंचायत के साथ दूसरे प्रखंड को गढ़वा जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण पथ पर मेराल रेलवे स्टेशन के पश्चिम में बने रेलवे फाटक पर लगने वाली लंबी जाम से लोगों को जल्द राहत मिलेगी। उक्त बातें गुरुवार को झामुमो नेता व समाजसेवी मिथिलेश कुमार देव ने कही। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण रोड पर रेलवे का मैनुअल फाटक लोगों के लिए बहुत बड़ी समस्या थी, जिसकी निजात के लिए हम लोगों ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को अवगत कराया था। मंत्री श्री ठाकुर के निर्देशानुसार 14 अक्टूबर 2022 को मिथिलेश देव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रबुद्ध तथा गणमान्य लोगों ने मंडल रेल प्रबंधक के नाम मेराल के स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपकर मेराल पश्चिमी रेलवे केबिन के पास फ्लाईओवर या रेलवे अंडरपास रोड निर्माण, मेराल स्टेशन पर सीसीबी तथा पलामू सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ठहराव की मांग की गयी थी। मंत्री की पहल पर विभाग ने क्षेत्र के लोगों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मेराल पश्चिमी रेलवे केबिन के पास अंडरपास रोड के लिए पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी है तथा कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। जनहित के इस कार्य के लिए मिथलेश देव सहित झामुमो नेताओं तथा स्थानीय लोगों ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं मंडल रेल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मेराल ग्राम स्टेशन पर सीसीबी पैसेंजर एवं पलामू सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित कराने की मांग की।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**e-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-33/2022-23
Letter no - 193 Date :- 22.02.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Renovation of Chaikalan M.I. Scheme, Block- Chouparan, Dist-Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 1,49,27,100.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 10.03.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of bids | 16.03.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of opening of e-Tender | 18.03.2023 at 03:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 8 (a) (b) | Contact no. of Procurement officer<br>E-mail of e- Procurement officer | 06546-270485<br>eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651- 2214784 |
| 10 | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 17.03.2023 up to 5:00 P.M At office of<br>1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag.<br>2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribag.<br>3. Executive Engineer, Minor Irrigation Design Division, Ranchi. |

**Note:- Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website **http://jharkhandtenders.gov.in**

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Hazaribag.

PR 291021 Minor Irrigation(22-23)#D

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER
TRANSMISSION ZONE-I, KUSAI COLONY, DORANDA, RANCHI
Mob. / Tel No. :- 9431707300/0651-2490513 Email:- gm.jusnl@gmail.com

**e-TENDER NOTICE**

e- tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from the reputed parties ,having adequate financial and technical resources to undertake the following work:-

| Sl. No. | e-NIT No. | Description of work | Estimated cost | Earnest Money Deposit | e-Tender Fee.(Non - Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 349/PR/JUSNL/ 2022-23 | Annual Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station **Hatia-I** from 01.04.2023 to 31.03.2024 of F.Y. 2023-24. | (Rs.) 20,58,920/- | 41200/- | 5900/- (including 18% GST) |
| 2 | 350/PR/JUSNL/ 2022-23 | Annual Maintenance of 220/132 KV Grid Sub-Station **Hatia-II** from 01.04.2023 to 31.03.2024 of F.Y. 2023-24. | (Rs.) 25,45,141/- | 51000/- | 5900/- (including 18% GST) |
| 3 | 351/PR/JUSNL/ 2022-23 | Annual Maintenance of 220/132/33KV Grid Sub-Station **Burmu** from 01.04.2023 to 31.03.2024 of F.Y. 2023-24. | (Rs.) 26,44,808/- | 53000/- | 5900/- (including 18% GST) |
| 4 | 352/PR/JUSNL/ 2022-23 | Annual Maintenance of 132/33KV Grid Sub-Station **Namkum** from 01.04.2023 to 31.03.2024 of F.Y. 2023-24. | (Rs.) 17,06,305/- | 34200/- | 5900/- (including 18% GST) |
| 5 | 353/PR/JUSNL/ 2022-23 | Annual Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station **Kanke** from 01.04.2023 to 31.03.2024 of F.Y. 2023-24. | (Rs.) 18,18,225/- | 36500/- | 5900/- (including 18% GST) |
| 6 | 354/PR/JUSNL/ 2022-23 | Annual Maintenance of 132/33KV Grid Sub-Station **Kamdara** from 01.04.2023 to 31.03.2024 of F.Y. - 2023-24. | (Rs.) 17,35,881/- | 35000/- | 5900/- (including 18% GST) |

| Details | |
|---|---|
| Period of work | For F/Y- 2023-24 |
| Start Date & Time for Downloading of Tender Documents | 25.02.2023 at 03:00 PM |
| End date and time for uploading of BID | 18.03.2023 up-to 03:00 PM |
| Last date of submission of hard copy of bid, tender cost and EMD in the office of General Manager, Transmission Zone-I, Ranchi | Up-to 18.03.2023 at 05:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 20.03.2023 at 12:00AM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | GENERAL MANAGER TRANSMISSION ZONE-I, KUSAI COLONY, P.O.-DORANDA, RANCHI, Pin -834002 |

1.0 A complete set of bidding documents may be downloaded by any interested bidder from website https://jharkhandtenders.gov.in. Interested bidders have to necessarily register themselves on https://jharkhandtenders.gov.in to participate in the bidding under this NIT. It shall be the sole responsibility of the interested bidders to get themselves registered at the aforesaid website and apprise themselves adequately regarding all the relevant procedures and provisions related to uploading of the bids on the aforesaid website.
2.0 Bidder shall upload scan copy of Demand Draft (DD) for the amount mentioned above of any Nationalized/ Scheduled Commercial Bank in favour of **Manager (F&A), Transmission Zone-I, Ranchi** payable at **Ranchi** , as a proof of payment towards e-Tender fee. Original DD towards e-Tender fee must be submitted along with the technical bid (kept in 'e-Tender Fee & Bid Security' envelope inside the cover envelope) before opening date and time of the bid as mentioned in tender document failing which bid will not be considered.
3.0 Bidder shall upload scan copy of Bid Security/Earnest Money Deposit (EMD) against NIT in the form of Demand Draft of any Nationalized/ Scheduled Commercial Bank of India in favour of **Manager (F&A), Transmission Zone-I, Ranchi** payable at **Ranchi**. Bids not accompanied with an acceptable bid security in original as specified in bidding documents or bids accompanied with bid security of inadequate value shall not be considered.
4.0 The detailed Qualifying Requirements (QR) are given in the bidding document.
5.0 JUSNL reserves the right to accept or reject any bid partly or fully or cancel the bidding without assigning any reasons thereof and in such case no bidder/ intending bidder shall have any claim arising out of such action.
6.0 Address for Communication:
**GENERAL MANAGER,**
TRANSMISSION ZONE-I,
JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
KUSAI COLONY, P.O.-DORANDA, RANCHI, PIN -834002
Telephone no. 0651-2490513 (O)/ 9431707300 (Mobile)

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉलफ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
**General Manager**
**Transmission Zone-I, Ranchi**

PR 291041 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(22-23)D

## उपलब्धि : गढ़वा में चर्म, न्यूरो, पेट रोग के साथ अब डायविटीज, बांझपन, किडनी और मूत्र रोग के सुपर स्पेशलिस्ट करेंगे इलाज

# जटिल रोगों के इलाज का हब बना गढ़वा का क्लीनिक ऑन स्क्रीन

**गढ़वा जिला मुख्यालय के चिनिया रोड स्थित इस क्लिनिक का आगाज चर्म रोग और न्यूरो रोग के इलाज के साथ हुआ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



डॉ.आदित्य वर्धन सिंह    डॉ.अंगद कुमार    डॉ.शैलेन्द्र मोहन शुक्ला

### प्रत्येक 10 में से एक व्यक्ति डायविटीज का शिकार : डॉ अंगद

**डायविटीज, थायराइड, पीसीओडी, बांझपन रोग विशेषज्ञ डॉ अंगद कुमार ने कहा कि प्रत्येक 10 में एक व्यक्ति डायविटीज का शिकार पाया जा रहा है। लोगों के नि:सन्तान होने के पीछे डायविटीज, थायराइड, पीसीओडी का बड़ा महत्व होता है। हार्मोनल प्रॉब्लम के कारण संतान पैदा होने में समस्या होती है। दवा से इसका इलाज संभव है। बशर्ते समय से इस रोग का इलाज कराया जाए।**

### प्रोस्टेट कैंसर में जल्द ही बन जायेंगे नम्बर वन : डॉ शैलेन्द्र

**मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शैलेन्द्र मोहन शुक्ल ने कहा कि अमूमन 100 में से 10-20 लोग मूत्र रोग से ग्रसिस पाये जाते हैं किंतु बढ़ते उम्र के साथ 100 में 50-60 लोग प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग से ग्रसित पाये जाते हैं। भारत में जिस तेजी से प्रोस्टेट कैंसर बढ़ रहा है। बहुत जल्द ही हम विश्व में नम्बर वन बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रोस्टेट एवं मूत्र से संबंधित रोगों का इलाज प्रारम्भिक अवस्था में जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चा पैदा होने से बढ़ापा तक इस रोग के होने की संभावना बनी रहती है। पेशाब के रास्ते में समस्या से लेकर मनुष्य के प्राइवेट पार्ट में जटिल बीमारी और कैंसर कब पनप जाता है, इसकी जानकारी संबंधित व्यक्ति को नहीं हो पाती है। इसके लिए जरूरी है कि वे इस रोग के विशेषज्ञ के संपर्क में रहें और अपने रोगों को छुपाने का प्रयास न करें।**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला भले ही झारखंड का पिछड़ा जिला है परंतु समाजसेवा के धुनी बाबू शक्ति सिंह का एक छोटा सा प्रयास गढ़वा को जटिल रोगों के इलाज का हब बना दिया। एनआरआई बाबू शक्ति सिंह ने कोरोना से लड़ रही मानवता की सेवा के लिए गढ़वा जैसे छोटे स्थान पर जटिल रोगों के इलाज के विकल्प के रूप में क्लिनिक ऑन स्क्रीन की स्थापना की। गढ़वा जिला मुख्यालय के चिनिया रोड स्थित इस क्लिनिक का आगाज चर्म रोग और न्यूरो रोग के इलाज के साथ हुआ। झारखण्ड में मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र कुमार एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव रंजन अपना बहुमूल्य समय माह में एक बार गढ़वा के क्लिनिक ऑन स्क्रीन में देने लगे। बाद में पेट, गैस, आंत एवं लिवर रोग के सुपर स्पेशलिस्ट पारस हॉस्पिटल के कॉसल्टेंट डॉ आदित्य वर्द्धन सिंह भी क्लिनिक ऑन स्क्रीन से जुड़ गए। वह भी माह में एक दिन गढ़वा आने लगे। इसी 25 फरवरी को वह अपने निर्धारित तिथि को गढ़वा में मरीजों का इलाज करेंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में लम्बी छलांग लगाते हुए क्लिनिक ऑन स्क्रीन ने किडनी, पथरी, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉ शैलेन्द्र मोहन शुक्ला को गढ़वा में आमंत्रित किया है।

एमबीबीएस एवं जेनेरल सर्जरी में एमएस डॉ शुक्ला जीएमसी त्रिवेंद्रम, केरल से अनुभव प्राप्त मूत्र विशेषज्ञ हैं। अब उनका समय माह में एक दिन गढ़वा को मिलेगा। वह इसी 26 फरवरी को क्लिनिक ऑन स्क्रीन में मरीजों का इलाज करेंगे। इसी तरह डायविटीज, थायराइड, पीसीओडी, बांझपन रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉ अंगद कुमार भी क्लिनिक ऑन स्क्रीन से जुड़ गए हैं। वह भी इसी 26 फरवरी को क्लिनिक में मरीजों का इलाज करेंगे। एमबीबीएस गोल्ड मेडलिस्ट डॉ अंगद इंटरनल मेडिसिन में एम.डी और इंडोक्रिनोलॉजी में डी.एम हैं।

## नेशनल स्टूडेंट्स इनोवेशन चैलेंज प्रतियोगिता में चचगुरा स्कूल की टीम ने परचम लहराया




**इटकी (आजाद सिपाही)।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जेतपुरा ने अपना परचम लहराया। ई-विद्या लोका व एलटीआई माइंडट्री के तत्वावधान में बंगलुरू की संस्था के परिसर में गत दिनों आयोजित नेशनल स्टूडेंट्स इनोवेशन चैलेंज प्रतियोगिता के छठे संस्करण का खिताब द गोल्डेन ड्रॉप टीम को दिया गया। इस टीम में राउमवि, चचगुरा के अजीत उरांव व बॉबी कुमार शामिल थे। यहां के छात्रों ने शिक्षक कविता अवधानी व एस राजम के निर्देशन में यूनाइटेड नेशन सतत विकास लक्ष्य के तहत साफ पानी व स्वच्छता चुनौती विषय पर कार्य किया। प्रतियोगिता में 11 राज्यों के चार सौ टीम के आठ सौ विद्यार्थी शामिल थे। सफलता पर गुरुवार को विद्यालय में एक कार्यक्रम कर विद्यार्थियों को बधाई दी गयी। ज्ञात हो कि विद्यालय परिसर में ही इ-विद्या लोका द्वारा वर्षों पूर्व से ई-क्लास चलाया जा रहा है। इस क्लास में इंटरनेट के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दी जाती है।

## भाजपा टाटीसिलवे मंडल ने चाय पर चर्चा कर मन की बात सुनने का लिया संकल्प



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के टाटीसिलवे में गुरुवार को भाजपा टाटीसिलवे मंडल के पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद के आवास पर चाय पर चर्चा करते हुये भाजपा खिजरी मंडल, टाटीसिलवे मंडल और अनगड़ा मंडल के कार्यकताओं ने आगामी 26 फरवरी को प्रधानमंत्री जी की मन की बात कार्यक्रम अपने-अपने बूथ पर ध्यान पूर्वक सुनने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रुप से खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कार्यकताओं से भारतीय जनता पार्टी के मूलमंत्र पर चलने और पार्टी के सिद्धांतों पर अनुसरण कर कार्य को सफल बनाने की बात कही। इस चाय पर चर्चा कार्यक्रम में भाजपा टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजू महतो, पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद, उपाध्यक्ष राणा दिनकर सिंह, महामंत्री अमित कुमार मिश्रा, भाजपा नेता विनोद अग्रवाल, गिरिधर मिश्रा, गोरखनाथ सिंह, दिलीप साहू, मधुसूदन पांडे, सिदाम सिंह मुंडा, केडी सिंह, उमेश बड़ाईक, अजय महतो, जयपाल हजाम, किस्टो कुजूर के साथ अन्य उपस्थित थे।

## टाटी पूर्वी पंचायत सचिवालय में सरहुल मिलन समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को टाटी पूर्वी पंचायत सचिवालय में सरहुल मिलन समारोह मनाने को लेकर सरहुल मिलन समारोह समिति टाटीसिलवे की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता समारोह के अध्यक्ष अर्जुन पाहन एवं मंच संचालन सोहन मुंडा ने किया। मौके पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल पूजा 27 मार्च को धूमधाम से ईईएफ मैदान टाटीसिलवे में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रुप से टाटीपूर्वी मुखिया कृष्णा पहान, खटंगा मुखिया अनिल लिंडा, महिलौंग मुखिया संदीप तिर्की, बड़ाम मुखिया कृष्णा लोहरा, अनगड़ा बिसा ग्राम प्रधान सह अध्यक्ष उमेश बड़ाईक, ग्राम प्रधान मासु देवराज पाहन, ग्राम प्रधान हरातू गोपाल मुंडा, ग्राम प्रधान चतरा किस्टो कुजूर, रामचरण पाहन, कुलदीप कच्छप, रोहित कच्छप, रंजीत कच्छप, पुषवा मुंडा, सुरेश मुंडा, संजय माहली, विनोद मुंडा, शंकर लोहरा, बंधन पाहन, सुशील उरांव, अजय मुंडा, किशोर मुंडा, जलेश्वर पाहन, लखीचरण पाहन, बिगल महली, साधु उरांव, सुजीत उरांव, चरण मुंडा, निरंजन पाहन, रासो पाहन, पाको देवी, रंजीत लोहरा, शनिचरवा मुंडा के साथ भारी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

## हिंद इंटरप्राइजेज एवं एसीसी सीमेंट का होली मिलन समारोह सह ठेकेदार मीट का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** हिंद इंटरप्राइजेज एवं एसीसी सीमेंट के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह सह ठेकेदार मीट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसीसी कंपनी के सेल्स ऑफिसर हरनेक सिंह, विशिष्ट अतिथि अंजन मंडल ने उपस्थित ठेकेदारों से सीमेंट को लेकर फीडबैक लिया। उन्हें एसीसी सीमेंट के खासियत को बताया। ठेकेदारों ने इससे संबंधित कई प्रश्न किये जिनका कंपनी के लोगों ने जबाव दिया। हिंद इंटरप्राइजेज के संचालक बिजय सिंह ने सभी को बेहतर सर्विस देने, समस्याओं का तत्काल समाधान करने का आश्वासन दिया। उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। कंपनी की ओर से सभी को उपहार दिया गया। मौके पर अनिल गोप, पलास धर, देवकी पंडित, मंतोश गोप, सोनु गोप, कुलदीप लकड़ा आदि उपस्थित थे।

### कार्यक्रम : जोन्हा पंचायत में मनरेगा दिवस समारोह का आयोजन

# सरकार की चल रही ग्रामीण विकास योजनाओं की दी गयी जानकारी

**मनरेगा योजना के प्रति ग्रामीणों, इच्छुक श्रमिक और विशेष कर महिलाओं को किया गया जागरूक एवं प्रोत्साहित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** जोन्हा पंचायत के जीदू गांव स्थित वीर शहीद बिरसा खेल मैदान मे गुरुवार को मुखिया कृष्णा मुण्डा के नेतृत्व में मनरेगा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं मनरेगा श्रमिकों को सरकार द्वारा चलायी जा रही ग्राम विकास योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मनरेगा योजना के प्रति ग्रामीणों, इच्छुक श्रमिक और विशेष कर महिलाओं को जागरूक व प्रोत्साहित किया गया।



कार्यस्थल में खिचड़ी खाते मनरेगा मजदूर

इस अवसर पर कार्यस्थल पर मध्यान मे खिचड़ी भोजन की व्यवस्था की गई जहां सबों ने उत्साह के साथ खिचड़ी खाकर मनरेगा दिवस को सेलीब्रेट किया। मौके पर टीआरआईएफ संस्था के राजेश महतो, हरदयाल मुण्डा एवं रोजगार सेवक गंगाराम महतो ने कहा कि मनरेगा दिवस मनाने का मकसद यह है कि पंचायत प्रतिनिधियों व श्रमिकों को सरकार की ग्रामीण योजनाओं की जानकारी दी जाए, जिसका लाभ पंचायत के विकास में और ग्रामीण लोगों को मिल सके। पंचायत में स्थल चयन कर कुआं निर्माण, तालाब निर्माण, भूमि समतलीकरण, मिट्टी मोरम पथ निर्माण, आम बागवानी, शेड निर्माण कर मुर्गी और गाय पालन कर रोजगार सृजन कर सकते हैं।

मनरेगा के तहत जॉब कार्डधारियों को रोजगार देकर गरीबी दूर करना, गांव से पलायन को रोकना सरकार का मुख्य उदेश्य है।

मौके पर उपमुखिया दीपक मुण्डा, पूर्व मुखिया मंसरी देवी, वार्ड सदस्य सीमा देवी, ग्रामप्रधान चरका मुण्डा, मनरेगा श्रमिक सुनीता देवी, सरो देवी, बुधनी देवी, लाखो देवी, संजय मुण्डा, अनिल गोप, बाबुलाल मुण्डा सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड सरकार के पक्षपातपूर्ण निर्णय से बीआरपी-सीआरपी में निराशा अब हताशा में परिणत हो गयी है : कृष्णा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** झारखंड शिक्षा परियोजना के अंतर्गत सेवा दे रहे पारा शिक्षकों और परियोजना कर्मियों की तरह सीआरपी बीआरपी स्कूली छात्र-छात्राओं के समग्र विकास के लिए काम कर रहे हैं। बीआरपी सीआरपी संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने बताया कि एक ओर परियोजना कर्मियों के मानदेय में हमेशा बढ़ोतरी हो रही है। पारा शिक्षकों को सहायक अध्यापक बनाकर बढ़ा हुआ मानदेय दिया जा रहा है। लेकिन सीआरपी बीआरपी के मानदेय में पिछले 4 सालों में किसी तरह की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के पक्षपातपूर्ण निर्णय से झारखंड में कार्यरत बीआरपी सीआरपी में निराशा अब हताशा में परिणत हो गई है। वर्ष 2019 के बाद से मानदेय में किसी तरह की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है जबकि राज्य में कार्यरत 2900 बीआरपी सीआरपी अपनी मांगे सरकार के समक्ष रखते आये हैं। संघ के

**महंगाई के दौर में बीआरपी सीआरपी लगातार अपनी मेहनत और लगन से विभाग के निर्देशों का पालन कर रहे हैं, लेकिन पिछले चार वर्षों में मानदेय में बढ़ोतरी नहीं की गई।**

महासचिव नितिन कुमार ने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना कर्मियों के मानदेय में 30 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव कैबिनेट से पास कर दिया गया लेकिन बीआरपी सीआरपी की चर्चा तक नहीं की गई। वहीं धरातल पर विद्यालयों से जुड़कर सीधे ईमानदारी पूर्वक कई तरह के कार्य करने वाले सीआरपी बीआरपी में सरकार की उदासीनता के कारण उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। बीआरपी सीआरपी को हेमंत सरकार पर बहुत भरोसा था लेकिन यह भरोसा अब हताशा में बदलने लगी है। विदित हो कि बीआरपी सीआरपी के सेवा शर्त नियमावली सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में छह सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी। कमिटी ने नवंबर 2022 में ही विभाग को अपना निर्णय और रिपोर्ट दे दी थी लेकिन उक्त निर्णय को अब तक कैबिनेट के द्वारा पारित नहीं कराया जा सका। उल्लेखनीय है कि सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) सहित विद्यालय का अनुश्रवण करने वाले बीआरपी सीआरपी को अधिकतम 17500 एवं 16500 मानदेय दिया जा रहा है वहीं सहायक अध्यापकों का मानदेय जनवरी 2022 से ही 22500 कर दिया गया। चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि भी लागू कर दी गई। लेकिन बीआरपी सीआरपी के संदर्भ में कोई विचार नहीं किया गया।

कृष्णा प्रसाद ने कहा कि महंगाई के दौर में बीआरपी सीआरपी लगातार अपनी मेहनत और लगन से विभाग के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। इसके बावजूद उपेक्षापूर्ण नीति के कारण बीआरपी सीआरपी का मनोबल टूटने लगा है।

## समाजसेवी के पिता के निधन पर शोक व्यक्त



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम सजाजसेवी जयराम ठाकुर के पिता शुकन ठाकुर (103) का निधन गुरुवार सुबह दो बजे नामकुम दुबे कॉलोनी स्थित आवास पर हो गया। शुकन ठाकुर कुछ महिनों से बिमार चल रहे थे। उनके निधन पर लोगों ने शोक प्रकट किया। शोक व्यक्त करने वालों में वार्ड 47 की पार्षद कविता सांगा, पूर्व पार्षद किरण सांगा, झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी, सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, डा एन प्रसाद, बादल सांगा, संजीत कुशवाहा, सुरेश सिंह, शशि सिंह, संत कुमार ठाकुर, दिनेश ठाकुर, महेश ठाकुर, रघुवीर ठाकुर, आदित्य ठाकुर, चिरंजीवी ठाकुर, शुभम ठाकुर, चंद्र भूषण, अमरनाथ महतो, नवल किशोर महतो, युगल किशोर महतो, चंदन महतो, संतोष जयसवाल, नित्यानंद दुबे, रवि पासवान, बिपीन यादव, अजय शर्मा, जानकी साव, प्रदीप मुंडा, प्रमोद कुमार, सुग्रीव यादव, सुबास सिंह यादव, गुड्डू पांडे आदि शामिल हैं।

## निश्चल मेमोरियल स्कूल में दशम के छात्रों की विदाई समारोह का आयोजन

**ठाकुरगांव/पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** निश्चल मेमोरियल स्कूल पिठोरिया में गुरुवार को वर्ग दशम के छात्रों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित फलक फातिमा, फिल्मकार ओम प्रकाश मिश्रा, स्कूल के प्राचार्य उमेश कुमार केशरी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पासवा के प्रदेश अध्यक्ष ने



कहा कि मैट्रिक परीक्षा छात्रों के जीवन की पहली सीढ़ी है। वहीं फलक फातिमा ने छात्रों से समय के महत्व को समझने की बात कही। मौके पर वर्ग दशम के छात्रों को अतिथियों द्वारा सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के अध्यक्ष जगरनाथ मिश्रा,रजनी कुमारी, नेहा कुमारी, राजेश केशरी, सरिता टोप्पो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## वाइबीएन विवि के विद्यार्थियों ने मेधा डेयरी प्लांट का किया भ्रमण

**मेधा डेयरी प्लांट के प्रोडक्शन मैनेजर ने विद्यार्थियों को दुग्ध संयंत्र की तकनीकी एवं कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** वाइबीएन विश्वविद्यालय के बच्चों ने गुरुवार को मेधा डेयरी प्लांट का भ्रमण किया। इस विजिट में विश्वविद्यालय के विभिन्न इकाइयों के बच्चों ने भाग लिया। वाईबीएन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग और नर्सिंग स्टूडेंट एमकेआई, टीसीएन के विद्यार्थियों के साथ स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग डीन डॉ अंजनी कुमार सिंह, एमकेआई नर्सिंग कालेज की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती शिखा यादव, स्कूल ऑफ नर्सिंग डीन




कम प्रिंसिपल डॉ ए. सुमती, एचओडी ईसीई इंजीनियर कुमारी विनीता, इ० दिलप कुमार, इ० अभिषेक कुमार, नर्सिंग से रोज मैरी तिग्गा ने अपना सहयोग दिया थी।

इस दौरान मेधा डेयरी प्लांट के प्रोडक्शन मैनेजर नितेश कुमार ने विद्यार्थियों को दुग्ध संयंत्र की तकनीकी जानकारी व कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने प्लांट के द्वारा दुग्ध उत्पाद, पनीर, दही, मिष्टी दही एवं विभिन्न मानकों के दूध पैकेटों के उत्पादन, दुग्ध प्रसंस्करण, दुग्ध क्रय व विपणन के साथ इसके कोल्ड चेन वितरण प्रणाली से दुग्ध व इसके उत्पादों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से नियत स्थानों तक पहुंचाने की जानकारी से अवगत कराया और प्रत्येक चरण के लिये तय मानकों के बारे में छात्रों को विस्तार से जानकारी दी।

इस सफल आयोजन के लिये एचओडी ईसीई इंजीनियर कुमारी विनीता को मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ श्रीरमन दुबे, उप कुलसचिव संजय तिवारी के अलवा सभी संकाय के डीन ने बधाई एवं शुभकामना दी।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बढ़ते अपराध व भ्रष्टाचार को लेकर भाजपाइयों ने फूंका झारखंड सरकार का पुतला



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री चतुर साहू पर मंगलवार को जान मारने के उद्देश्य से गोली चलाई गई थी। आये दिन झामुमो गठबंधन सरकार में अपराधियों द्वारा भाजपा नेता को निशाना बनाये जाने के विरोध में ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में शास्त्री चौक दड़दाग में राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन करने वालों में ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संग मंडलअध्यक्ष, जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, लक्ष्मण साहू, कृष्ण कुमार महतो, सुनिल महतो, अशोक पाहन, राजकिशोर साहू, अलखनाथ महतो, अजय साहू, शशि मेहता, आनंद महतो, विजय चौरसिया, दीपा चौरसिया, आफताब आलम आदि उपस्थित थे। पुतला दहन करते हुए जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अपराधियों की 24 घँटे के अंदर गिरफ्तारी नहीं हुई तो पार्टी उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य होगी।

## खंडित शिवलिंग को नागफेनी जगरनाथ मंदिर कोयल नदी में किया गया विसर्जित



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के फतेहपुर में खंडित शिव लिंग को विधिपूर्वक पूजा पाठ के बाद नागफेनी जगरनाथ मंदिर कोयल नदी नाग देवता दह में विसर्जन किया गया। इस विषर्जन में पूजा-पाठ व हवन के साथ विसर्जन किया गया। गांव में अश्रुपूर्ण नेत्रों से खंडित शिव लिंग को माताओं ने विदाई दी। इसके मुख्य पुजारी अजित शर्मा ने फतेहपुर और नागफेनी में पूजा पाठ कर विसर्जन किया। मौके पर रामप्रसाद साहू, बीरेंद्र साहू, मनोज कुमार साहू, भरत साहू, सूरज साहू, विष्णु साहू, नवीन साहू, मिथिलेश साहू, दिनेश राम, राजेश साहू, नाथूराम साहू, मनमोहन साहू, संदीप साहू के अलावे अनेक लोग शामिल हुए।

## नगड़ी प्रखंड के बाघलोन जंगल में अज्ञात शरारती तत्वों ने लगायी आग



पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी थाना क्षेत्र के बंधेया गांव के निकट स्थित बाघलोन जंगल में सुबह दस बजे के आसपास अज्ञात शरारती तत्वों ने आग लगा दी। आग धीरे धीरे पूरे जंगल में फैलने लगी। आग की चपेट में आने से जंगल के कुछ भाग की झाड़ियां जल कर खाक हो गयीं। इससे पहले की आग पेड़ों पर लगती समाजसेवी वन्यजीव प्रेमी महादेव उरांव अपने सहयोगियों के साथ जंगल में पहुंचे और दोपहर तक काफी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफल रहे। महादेव उरांव के प्रयास से जंगल जलने से बच गया।

## त्रिमूर्ति मंदिर का 14वां स्थापना दिवस 27 फरवरी को धूमधाम से मनाने का निर्णय



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के साहेर पंचायत स्थित त्रिमूर्ति मंदिर स्थापना दिवस को लेकर गुरुवार को समाजसेवी बजरंग महतो की अध्यक्षता में बैठक की गयी। मौके पर बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगमी 27 फरवरी को मंदिर का 14वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। एक दिवसीय स्थापना दिवस समारोह में गुरूवार की सुबह कलश यात्रा, श्रृंगार महापूजन हवन, महाआरती, भण्डारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है। इसके लिए एक समिति का गठन किया गया। मौके पर समिति के द्वारा आसपास में जन सम्पर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से राजमोहन महतो, नंद किशोर महतो, रामजीत महतो, विष्णु महतो, संजय प्रसाद महतो, प्रदीप महतो, रामा महतो, धनीराम महतो, मंगल महतो, छत्रपाल महतो, राहुल महतो, जय किशन महतो, पप्पू गोप सहित साहेर पंचायत के विभिन्न गांवों के दर्जनों गणमान्य लोग तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## जमीअत उल मोमिनीन इटकी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 24 को

**इटकी (आजाद सिपाही)।** जमीअत उल मोमिनीन इटकी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 24 फरवरी शुक्रवार को नेशनल पब्लिक स्कूल में दोपहर बाद 3 बजे आयोजित किया गया है। जहां पदाधिकारियों के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी जमीअत उल मोमिनीन इलेक्शन कमेटी के कन्वेनर शहाब हमजा ने दी है।

## डीलर पर कम राशन देने सहित कई आरोप लगे

# कार्रवाई नहीं होने से बढ़ रही डीलर की मनमानी: शरोज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज शहर के जनवितरण प्रणाली के अनुज्ञप्ति संख्या 17/85 के दुकानदार विजय कुमार जायसवाल पर ग्राम डेमा के कार्डधारियों ने कम राशन देने सहित कई आरोप लगाया है। जिसको लेकर कार्डधारियों ने पहले प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी से इसकी शिकायत की थी। कार्रवाई नहीं होने पर दर्जनों लाभुकों ने गुरुवार को हरिहरगंज के विधायक प्रतिनिधि से शिकायत की है। वहीं प्रखंड कार्यालय में स्थित विधायक कक्ष में जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि गरीबों का हक छिनने वालों पर कार्रवाई होनी ही चाहिए, कार्रवाई नहीं होने से डिलर की मनमानी बढ़ती जा रही है। कार्डधारियों के लिखित शिकायत पर उन्होंने बताया कि सितंबर माह 2021/22 में राज्य सरकार से मिलने वाले राशन का वितरण नहीं किया गया। जबकि डिलर द्वारा प्रति यूनिट 1 किलोग्राम राशन कम भी दिया जाता है। कार्डधारियों के शिकायत के बाद हरिहरगंज एमओ ज्योति रंजन के द्वारा जांच की पुष्टि हो चुकी थी की उक्त डिलर के द्वारा कम राशन देने के साथ ही सितम्बर माह 2021-22 में राज्य सरकार से मिलने वाले राशन नहीं दिया गया था। वहीं जनवरी, फरवरी माह 2023 में राशन उठाव के बाद भी अब तक वितरण नहीं किया गया है। जिससे संबंधित पीडीएस कार्डधारियों में आक्रोश है। इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि ने संबंधित अधिकारियों को डिलर की मनमानी से अवगत कराते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पलामू एडीएसओ. सह हरिहरगंज प्रभारी एमओ निर्मल कुमार सिंह ने जांचोंपरांत कार्रवाई करने की बात कही है।

### इन कार्डधारियों ने की है शिकायत

सावित्री देवी कार्ड संख्या- 202002551445, सुनीता देवी- 447, कोलेश्वरी देवी- 446, सूरज कुमार- 429, रवि कुमार- 450, सत्येंद्र मेहता- 525, मनीष कुमार- 587, रामजय यादव- 579, रामनारायण यादव- 592, जयनंदन यादव - 571, तेजस्वी यादव-593, रोहित यादव - 590, चंद्रमा सिंह, कलावती देवी-562, ललन कुमार सिंह- 6689305, लालमुनि देवी- 6703407 के अलावा बीरबल यादव, शांति देवी, बसंत कुमार, सुदर्शन कुमार मेहता, उमेश मेहता, हरिओम कुमार, रौशन कुमार, रिंकू कुमार, शशि कुमार, सुदय यादव आदि कार्ड धारियों ने डिलर के विरुद्ध शिकायत की है। मौके पर रामबृक्ष मस्ताना तथा आबिद हुसैन उर्फ मुन्ना उपस्थित थे।

## मेयर ने मंत्री पर उठाये सवाल तो हमलावर हुआ झामुमो

# रघुवर सरकार में चुप क्यों रहीं मेयर : जेएमएम



## मंत्री जी आपसे पलामू के लोगों को बहुत उम्मीदें हैं : महापौर

**मेरे सीने में ना सही तेरे सीने में ही सही आग लगी है तो आग जलनी चाहिए। महापौर ने कहा मंत्री जी आपसे बहुत उम्मीद है लोगों के बयानबाजी की जगह दोनों मुद्दों पर आप बैठक करें।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सत्तारुढ़ दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने एक बार फिर मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर को कटघरे में खड़ा किया है। महापौर ने पानी और लीज नवीकरण मामले पर राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को पत्र लिख कर उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाने की कोशिश की है। महापौर का सीधा कहना है कि ये दोनों ही मुद्दे मेदिनीनगर की प्रमुख समस्याएं हैं लेकिन मंत्री श्री ठाकुर के सरकार में पलामू का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद अब तक इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। महापौर के हवाले से मीडिया में यह खबर आते ही पलामू झामुमो की जिला कार्यसमिति महापौर पर हमलावर होती दिखाई पड़ रही है। जिला कार्यालय में जिला सचिव सानू सिद्दीकी, निगम के विपक्ष दीपक तिवारी, युवा नेता अभिषेक सिंह, झामुमो नेता छोटू त्रिपाठी की मौजूदगी में प्रेसवार्ता कर पलामू झामुमो ने बताया कि पेयजल संकट और खासमहाल लीज नवीकरण का मामला आज का नहीं है। इन दोनों समस्याओं के समाधान के लिए मंत्री मिथिलेश ठाकुर और राज्य की वर्तमान सरकार पूरी तरह गंभीर है लेकिन सवाल यह है कि महापौर को इन दोनों समस्याओं की याद चुनावी वर्ष में ही क्यों आ रही है। जब राज्य में उनकी पार्टी भाजपा की सरकार थी तो उन्होंने इन दोनों मुद्दों को सरकार के स्तर पर उठाने की कोशिश क्यों नहीं की। झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने आरोप लगाया कि महापौर निगम के हित में कोई काम नहीं करना चाहती बल्कि इन मुद्दों पर पिछले पांच वर्षो से सिर्फ और सिर्फ राजनीति कर रही हैं और निगम क्षेत्र की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर महापौर इन समस्याओं से चिंतित होती तो राज्य की रघुवर सरकार के कार्यकाल के दौरान समाधान खोजने की कोशिश करतीं लेकिन उस समय वह इन मुद्दों पर खामोश रहीं। आज जब राज्य में झामुमो नीत गठबंधन की सरकार है तो निगम क्षेत्र की जनता को गुमराह कर निगम क्षेत्र की जनता की सहानुभूति बटोरने की कुत्सित प्रयास कर रही हैं। लेकिन उन्हें यह जानकारी होनी चाहिए कि जनता सब जानती है। दीपक तिवारी ने कहा कि मेदिनीनगर में लीज नवीकरण का मामला हो या फिर पेयजल संकट से लोगों को निजात दिलाने का इन दोनों समस्याओं का समाधान भी राज्य की हेमंत सरकार ही करेगी। उन्होंने मेदिनीनगर की जनता को आश्वस्त किया कि जल्द ही उन्हें इन दोनों समस्याओं से निजात मिल जायेगा। सरकार इस पर गंभीरता से विचार कर रही है। लेकिन वैसे लोगों को सरकार पर सवाल उठाने का कोई हक नहीं है जो वातानुकूलित परिवेश से बाहर निकल कर लोगों की पीड़ा और जरुरतों को जानने-समझने का प्रयास तक नहीं करते। जनता को भी ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरुरत है जो सिर्फ मीडिया में ही जनहितैषी होने का ढोंग रचते हैं। वहीं झामुमो जिला सचिव सानू सिद्दीकी ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार ने जनहित में कई बड़े कदम उठाये हैं, जिसे जनता भी स्वीकर करती है। पूर्ववर्ती रघुवर सरकार तुलनात्मक दृष्टिकोण से हेमंत सरकार के बराबर भी खड़ी नहीं हो सकती। उन्होंने दावा किया कि पलामू पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नजरें इनायत हैं। परंतु मेदिनीनगर नगर निगम में चौक चौराहों पर बैठने की कुर्सी पर नाम लिखवाकर अरूणा नगर निगम बनाने की मंशा रखने वालों को वोट का मोल इस बार जनता बताएगी। झामुमो का दामन थाम चुके प्रतिष्ठित व्यवसाई सह युवा नेता अभिषेक सिंह ने कहा कि महापौर को जनता से कोई लेना-देना नहीं है बल्कि वे सिर्फ और सिर्फ वोट की राजनीति कर रही हैं। अगर उन्हें जनता से वास्ता होता तो निगम की बुनियादी जरुरतों को पूरा करने पर उनका जोर होता न कि दिखावा करने पर।

## मिशन समृद्धि संस्था ने किया कपड़ों का वितरण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सालों भर मिशन समृद्धि संस्था कपडों का वितरण सूदूर गांवों के साथ-साथ निःशुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला में बच्चों तथा दोना पत्तल दातून बेचने वालों के बीच वितरण करती ही रहती है। इसके लिए संस्था से अधिक कपड़ा देने वाले परिवारों का योगदान अधिक है इसलिए संस्था द्वारा निरंतर यह कार्य जारी रहता है। समृद्धि की रोटी अभियान के तहत दोना पत्तल वालों के बीच जब रोटी वितरण किया जाता है तो उनकी दयनीय स्थिति देखने को मिलती है। छोटे बच्चे बुजूर्ग जमीन पर प्लास्टिक बिछाकर वह भी जीर्ण अवस्था में में होती है जिसपर वे सोते या बैठते हैं।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला**
**इम्पोरियम बिल्डिंग, सदर अस्पताल परिसर,**
**पिनकोड – 835207 गुमला**
फोन – 06524-224960, 222390 ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**वित्तीय वर्ष 2023–24 में 10 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय/02 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में सामग्रियों के क्रय के लिए निविदा की नियम एवं शर्त्ते का प्रकाशन के संबंध में :–**

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक GE/08/132/2019-20/2648 दिनांक 12.10.2022 के आलोक में जिला के 10 कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं 02 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में सामग्रियों यथा, खाद्य पदार्थ एवं अन्य (पैकेज–1), हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर इत्यादि (पैकेज–2), पोशाक एवं अन्य वस्त्र (पैकेज–3) एवं स्टेशनरी सामग्री (पैकेज–4) की आपूर्ति के लिए निविदा प्रपत्र एवं शर्ते दिनांक 24.02.2023 से दिनांक 11.03.2023 तक गुमला जिला के https://gumla.nic.in के वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है या झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला से प्राप्त कर भरा हुआ निविदा प्रपत्र दिनांक 11.03.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला, इम्पोरियम भवन में (सदर अस्पताल के सामने) रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं/प्रतिनिधि के माध्यम से जमा किया जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला

PR 291082 Jharkhand Education Project Council(22-23)#D



झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक–ए,द्वितीय तल्ला
दूरभाषः 06525–225835 फैक्सः 225836
E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

पत्रांक : दिनांकः

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के विज्ञापन संख्या–1937(समग्र) 2022 के आलोक में जिले के सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में पूर्णकालिक शिक्षिका एवं पूर्णकालिक लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर के रिक्त पदों पर पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन किया जाना है। उक्त के क्रम में अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पर गठित जिला स्क्रूटनी समिति द्वारा स्क्रूटनी कर स्वीकृत एवं अस्वीकृत आवेदनों की सूची तैयार की गयी है। जिसे अवलोकन हेतु NIC Simdega के अधिकारिक बेवसाईट.in पर प्रकाशित किया जा रहा है। संबंधित अभ्यर्थी सूची में अंकित सूचना/डाटा का अवलोकन करते हुए दावा आपत्ति आवेदन साक्ष्य सहित दिनांक 02.03.2023 अपराह्न 4:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के कार्यालय में आपत्ति दर्ज कर सकते है।

निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त किसी प्रकार का दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा।

PR 291077 Primary Education (22-23)D


## पांकी विधायक को पलामू एमपी एमएलए कोर्ट ने आदर्श आचार संहिता उलंघन के मामले में किया बरी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू एमपी एमएलए कोर्ट ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आरोप सिद्ध नहीं होने पर गुरुवार को पांकी विधायक कुशवाहा डा. शशिभूषण मेहता को पर बरी कर दिया। एमपी एमएलए के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत में वर्तमान विधायक डां शशिभूषण मेहता पर 25 अप्रैल 2016 को 11 से 1 बजे दिन में टेंट, सामियाना लगाकर बिना अनुमति के मिसिर दोहर ग्राम में चुनावी सभा करने और वहां पहुंचे लोगों को खाना खिलाने का मामला चल रहा था। आदर्शआचार संहिता कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी नंद कुमार मिश्रा ने विधायक डा. शशिभूषण मेहता के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी तरहसी थाना में कांड संख्या 24/ 2016 दर्ज कराया गया था। जो भारतीय दंड विधान की धारा 171 ई,171 एफ,व 134 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत प्राथमिकी की गई थी। इस मामले में अभियोजन की ओर से नौ लोगों ने गवाही दी थी। केस के सूचक ने एक दैनिक खबर में 26 अप्रैल 2016 के अंक में छ्पी खबर के आलोक में जांच करने पर पाया था कि 75 पांकी विस क्षेत्र के तरहसी प्रखंड के मिसिर दोहर ग्राम पंचायत सेलारी में 25 अप्रैल 2016 रविवार को 11 से 1 बजे तक संभावित प्रत्याशी शशिभूषण मेहता के द्वारा टेंट लगाकर चुनावी सभा संपन्न की। सभा में पहुंचे व्यक्तियों को खाना खिलाया गया जो 144 तथा आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला है। बचाव पक्ष की ओर से राहुल सत्यार्थी ने बहस किया। अदालत ने साक्ष्य के अभाव में अभियोजन के द्वारा केस साबित नहीं होने के कारण इस मामले में शशिभूषण मेहता को बरी कर दिया है।

## हुसैनाबाद में मनायी संत गाडगे की जयंती

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के छतरपुर रोड़ स्थित खादी भंडार के समीप गुरुवार को सामाजिक समरसता के अग्रदूत संत गाडगे बाबा जी की 147वीं जयंती समारोह संत गाडगे परिवार हुसैनाबाद इकाई के तत्वाधान में धूमधाम से मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि बाबा गाडगे सफाई उन्मूलन का काम किया, जिससे समतामूलक समाज की स्थापना हुई। बाबा गाडगे ने समाज में व्याप्त अंधविश्वासों को दूर भगाने का कठिन कार्य करते हुए शिक्षित बनने का संदेश दिया है। साथ ही उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्याग करने की अपील की मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दीन-दुखियों की सेवा में समर्पित रहने वाले संत बाबा गाडगे जी महाराज ने समाज के उत्थान एवं समाज की कुरीतियों को दूर करने में अहम योगदान रहा है।

## पांकी हिंसा में स्थानीय प्रशासन से बोलें पूर्व एमएलसी

# एकतरफा कार्रवाई ना करें: प्रवीण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने पांकी में हुई सांप्रदायिक हिंसा के लिए राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि हिंसा के बाद पुलिस प्रशासन एकपक्षीय कार्रवाई कर रही है जिससे वहां के लोग भयभीत है। 15 फरवरी जिस दिन घटना घटी है, उस दिन सीसीएल दरभंगा हाउस रांची में कार्यरत कर्मियों सहित हरियाणा एवं अन्य राज्यो में गए कामगारों पर भी मुकदमा दर्ज कर उनके परिवार वालों को परेशान किया जा रहा है जो दुखद है। पाकी दौरे के क्रम में स्थानीय लोगों से बातचीत कर घटना की पूरी जानकारी लिया हूं फिर पलामू आईजी एवं एसपी को बताया हूं कि घटना में शामिल आरोपियों की जगह बेवजह सीधे-साधे ग्रामीणों को जेल भेजा जा रहा है जो गलत है। एसपी एवं आइजी ने आश्वस्त किया है कि वह इसकी जांच कराएंगे। पलामू जिले के लोग शांतिप्रिय है यहां कभी भी दंगा ना के बराबर होने का इतिहास है। परंतु विगत दिन पांकी की घटना मानवता के लिए शर्मसार करने वाली है राज्य में तुष्टीकरण वोट बैंक की राजनीति के कारण अराजकता का माहौल है। विधि व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आमजन अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। सरकार एवं प्रशासन पूरी तरह फेल हो चुका है और आमलोगों का इनके प्रति विश्वास कम हो गया है। पूरे राज्य में अपराधी, गुंडा, माफिया सरकार के संरक्षण में हावी होते जा रहे हैं। पांकी की घटना निंदनीय है। सभ्य समाज में अपराधिक हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि 15 फरवरी को पांकी में हुई हिंसक घटना की खानापूर्ति ना कर निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों पर कानून संबत कार्रवाई करें एवं निर्दोष लोगों जांचोपरांत को बरी करें। प्रेस वार्ता में अखिलेश तिवारी,अविनाश वर्मा, प्रभात भुईयां, सुधीर सिंह, रिंकू सिंह, कुश ओझा, मुरारी पांडे, शिवकुमार मिश्रा सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे।

## होल्डिंग टैक्स माफ करने की मांग की

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड पार्षदों ने बैठक कर नपं क्षेत्र में बने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक को होल्डिंग टैक्स माफ करने की मांग की है। वार्ड पार्षदों ने कहा कि शहर में ढाई हजार से अधिक घर का निर्माण हो गया है, शेष का निर्माण चल रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद नगर पंचायत द्वारा सभी घरों का टैक्स माफ किया जाये। वार्ड पार्षदों ने नगर अध्यक्ष को यह प्रस्ताव लाने का आग्रह किया है। वैसे लाभुक जिन्होंने पीएम आवास योजना के तहत घर का निर्माण कराया है, उन्हें सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। गरीबों के हित को देखते हुए यह प्रस्ताव नगर पंचायत के सभी 16 वार्ड पार्षदों ने आवेदन दिया है। उन्होंने कहा है कि जब गरीबों को लाल व पीला कार्ड सहित कई फायदा दिया जा रहा है।


**कार्यालय :- जिला परिषद, पाकुड़**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05/2022–23**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पाकुड़।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 02/03/2023 (10:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक)
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पाकुड़।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 03/03/2023 (3.00 बजे अपराह्न)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03/03/2023 (3.30 बजे अपराह्न)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पाकुड़।
7. योजना मद का नाम :– 15वें वित्त आयोग (आबद्ध मद)
8. कार्य विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | अग्रधन राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र की राशि (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | पाकुड़ | नरोत्तमपुर | ग्राम नरोत्तमपुर में जोगीगड़िया पश्चिम में मस्जिद के पास चापाकल में सोलर जल मिनार निर्माण कार्य। | 6,57,867/- | 13,200/- | 1,250/- | तीन माह |

9. जिला परिषद, पाकुड़ में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग लेंगे।
10. बैंक ड्राफ्ट D.D.C.-CUM-C.E.O., Zila Parishad, Pakur के पदनाम से देय होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक, पाकुड़ (मुख्य शाखा) में भुगतेय होगा। केवल भारतीय स्टेट बैंक का ही बैंक ड्राफ्ट मान्य होगा।
11. निविदा की शर्ते जिला परिषद कार्यालय, पाकुड़ के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, पाकुड

PR 291038 District(22-23).D



**कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 40/2022–23**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 02/03/2023 एवं 03/03/2023(अपराह्न 3.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 04/03/2023 को (अपराह्न 1.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 04/03/2023 को अपराह्न 2.00 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. कार्यालय जिला परिषद, गुमला। 2. सहायक अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, गुमला।
7. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– PM-ABHIM मद

कार्य की विवरणी

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बसिया प्रखंड के बंगरकेला में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | बसिया | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 2 | बसिया प्रखंड के बोम्बियारी में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 3 | बसिया प्रखंड के खातखुरा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 4 | बसिया प्रखंड के पाकेरटोली में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 5 | बसिया प्रखंड के सोलंगबीरा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 6 | बसिया प्रखंड के सुकुर्दा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 7 | बसिया प्रखंड के तालेसेरा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 8 | कामडारा प्रखंड के गारा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | कामडारा | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 9 | कामडारा प्रखंड के गराई में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 10 | कामडारा प्रखंड के कुलबुरू में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 11 | कामडारा प्रखंड के लतरा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 12 | कामडारा प्रखंड के पकरा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 13 | कामडारा प्रखंड के पोंजे में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 14 | कामडारा प्रखंड के राईकेरा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 15 | कामडारा प्रखंड के रामतोल्या में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |

1. भवन निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित गुमला के संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. निविदा की अन्य शर्त्ते कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा एंव बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. जिन संवेदकों के द्वारा पुर्व में लिए गये कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है वैसे संवेदकों को कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री के साथ 2% अग्रधन की राशि का देना आवश्यक होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
7. निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि के अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है
(1) 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि पर परिमाण विपत्र का 20% तथा
(2) 20 प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि पर परिमाण विपत्र का 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा।

जिला अभियन्ता
जिला परिषद, गुमला

PR 291073 Rural Development (22-23)_D


# दामाद के सम्मान में होती है जमाई फुटबॉल प्रतियोगिता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम।** डुमरिया प्रखंड के जादुगोड़ा पंचायत के दासोडीह एक ऐसा गांव है जहां जमाई को सम्मान देने के लिये हर साल सुपर जमाई फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता हैं। दासोडीह गांव की यह प्रतियोगिता बहुत खास मानी जाती है। दरअसल, इसका कारण यह है कि इस टूर्नामेंट में वही टीम भाग ले सकती है जिसका कैप्टन इस गांव की लड़की से शादी कर चुका हो। इसका मतलब साफ है कि इस टूर्नामेंट में इस गांव में शादी करने वाला युवक ही अपनी टीम की एंट्री करवा सकता है।

### जमाई के सम्मान के लिए होता है आयोजन

दासोडीह में आयोजित हुई टूर्नामेंट के कई मकसद हैं। इनमें से पहला और महत्वपूर्ण है जमाई को ऐसा सम्मान देना जो आस पास कही नही दिया जाता हो.वहीं इसका मकसद गांव की लड़कियों को एक साथ गांव लाने के लिए भी होती है। जिससे उनका गांव में सभी से मिलना-जुलना हो जाता है। जमाई फुटबॉल प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान दिकु बेसरा ने बताया कि यहां के युवाओं ने यह परम्परा शुरू की है। जिसमें सभी ग्रामीण बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यह प्रतियोगिता हमारे गांव के लिये गर्व की बात है।

### ओड़िशा के गांव से मिली प्रेरणा

वहीं इस टूर्नामेंट के आयोजक ठाकुर सोरेन ने बताया कि हमलोग ओड़िशा के एक गांव आयोजित होनेवाली इसी तरह के फुटबॉल प्रतियोगिता से प्रेरित होकर इस परम्परा की शुरूआत की है। पहले भी हमारे यहां फुटबॉल प्रतियोगिता होती थी लेकिन 2022 से यह प्रतियोगिता सुपर जमाई फुटबॉल मे बदल गया है। पिछले साल इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया था। इस साल 16 टीमों ने भाग लिया है। हम इस टूर्नामेंट में विजेता और उपविजेता को ट्राफी के अलावे जमाई कैप्टन और उसकी पत्नी को धोती साड़ी देकर सम्मानित करते हैं। इस मौके पर जमकर आतिशबाजियां भी की जाती है।

### विधायक ने प्रतियोगिता की जमकर की तारीफ

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक संजीव सरदार पहुंचे थे। यहां आयोजित सुपर जमाई फुटबॉल प्रतियोगिता की प्रावधान सुनकर विधायक भी काफी प्रभावित हुये और इस आयोजन की खूब तारीफ भी की।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 24 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in
11

### डीएवी सिंदरी के प्राचार्य ने धनबाद डीसी को लिखा पत्र

# राजनीतिक और धार्मिक कार्यक्रमों से स्कूल मैदान को मुक्त करने की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**






**धनबाद।** डीएवी पब्लिक स्कूल रांगामाटी सिंदरी के प्रचार्य आशुतोष कुमार ने धनबाद डीसी को एक पत्र लिखकर डीएवी पब्लिक स्कूल रांगामाटी सिंदरी के खेल कूद के मैदान को राजनीतिक और धार्मिक कार्यक्रमों से मुक्त कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि कुछ स्थानीय लोगों के द्वारा राजनैतिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए धार्मिक कार्यक्रम स्कूल के मैदान में किए जाते हैं। मैदान में नूनू नाल टुडू, लोगेन हेंब्रम और अन्य लोग राजनैतिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए धार्मिक कार्यक्रम 16 मार्च को करने जा रहे हैं। विद्यालय की बसों को विद्यालय के मैदान में लगाने से मना करवा दिया गया है। खेल के मैदान को प्लास्टिक के गिलास, शराब की बोतलें और जूठे पत्तलों से भर दी गयी है। कल मुझे कुछ अभिभावकों ने बताया है कि कुछ ही दिनों में यहां एक प्रतिमा की स्थापना की जाने वाली है। बच्चों की परीक्षाये चल रही है। एडमिशन हो रहे हैं, और लोगों के द्वारा लगातार पठन पाठन का माहौल खराब किया जा रहा है। यह विषय अब माननीय उच्च न्यायालय झारखंड रांची के संज्ञान में है एवं दिनांक 27.2.2023 को इस पर सुनवायी के लिए संबंधित पक्षों को सूचित किया गया है। अतः अनुरोध है कि तत्काल स्कूल के खेल के मैदान में इस तरह के आयोजनों को रोकने के लिए सक्षम पदाधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करें।

## झरिया मातृ सदन में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**धनसार/झरिया(आजाद सिपाही संवाददाता)।** मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा द्वारा गुरुवार को झरिया मातृ सदन में एक दिवसीय निशुल्क दन्त शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंच की अध्यक्षा निशा शर्मा, सचिव अनूप मित्तल और कार्यक्रम संयोजक संदीप अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। शिविर में टाटा हॉस्पिटल एवं फैमिली डेंटल क्लीनिक के चिकित्सक डॉ एस के झा और उनके टीम द्वारा शिविर में आये लोगो के दांत की जांच की गई, साथ ही निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष निशा शर्मा ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा समय-समय पर इस तरह के निशुल्क शिविर आयोजन हमेशा करता आया है। आयोजित शिविर में 122 लोगो ने चिकित्सीय लाभ उठाया व 27 लोगो के दांत निकाले गए और उनको निशुल्क दवा भी उपलब्ध करवाया गया। मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष वा मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान डॉ एसके झा को मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष एवं मातृ सदन के सचिव अरुण बंसल ने मंच की और से एक मेमोंटो और शॉल दे कर सम्मानित किया।

**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)**
Email: - nphussainabad@gmail.com

**बोरवेल रिंग मशीन निबंधन हेतु आम सूचना**

हुसैनाबाद नगर पंचायत में डीप/सामान्य बोर करने हेतु बोरवेल रिंग मशीन के वाहन मालिकों/आम नागरिकों को सर्वसाधाराण सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतु सामान्य/डीपबोर करने हेतु हुसैनाबाद नगर पंचायत में शुल्क जमा करा कर अनुज्ञप्ति/अनापत्ति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति के नगर निकाय क्षेत्र में बोरिंग,नलकूप बैठाने, कुऑ, तालाब, बोरिंग, चहबच्चा, कुण्ड या फुहारा इत्यादि कराना नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 209 के अन्तर्गत दण्डनीय है। इस संबंध में नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा सामान्य बोरिंग हेतु एक वर्ष के अनुज्ञप्ति के लिए 40,000.00 रु (चालीस हजार रुपये) मात्र शुल्क, प्रति सामान्य बोर कराने पर वाहन मालिकों से 1500.00 रु (पन्द्रह सौ रुपये) मात्र एवं बोरिंग कराने वाले व्यक्ति से 500.00 रु (पॉच सौ रुपये) मात्र शुल्क निर्धारित है। इस संबंध में बोरवेल मशीन वाहन मालिक अनुज्ञप्ति के लिए दिनांक 24.02.2023 से 06.03.2023 तक निम्न नियम एवं शर्त के अनुसार निबंधन कराने हेतु कार्यालय में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

1. निबंधन हेतु 40,000.00 रु (चालीस हजार रुपये) मात्र डिमांड ड्राफ्ट जो एक वर्ष के लिए मान्य होगा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद के नाम से देय होगा।
2. बोरवेल वाहन से संबंधित अद्यतन कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।
3. प्रदूषण से संबंधित अद्यतन कागजात।
4. वाहन बीमा से संबंधित अद्यतन कागजात।
5. वाहन मालिक का आधार कार्ड, वोटर आई0 डी0।
6. वाहन चालक का ड्राविंग लाइविंग लाईसेंस।
7. आवेदन के साथ इस बात का सपथ पत्र देना अनिवार्य होगा कि जमॉ किये गये सभी कागजात सही है।

वैसे सामान्य/डीप बोर करने वाले वाहन मालिक जो बिना अनुमति के बोरिंग करते पाये जाने पर 50,000.00 रु (पचास हजार रुपये) मात्र राशि जुर्माना लिया जायेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 291051 District(22-23).D

## जमुनिया स्थित ओबीआर डंप में लगी आग, सैकड़ो वृक्ष जले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कतरास।** बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र के जमुनिया कांटा घर के समीप बुधवार की शाम ओबीआर पहाड़ में लगे पेड़ो में अचानक आग लग गयी। जिससें इको रेस्टोरेशन के तहत लगें सैकड़ों पेड़ पौधे जल कर नष्ट हो गये। सूचना मिलने पर एबीओसीपी माइंस के अधिकारी मौके पर पहुचें। उन्होंने आग लगने की सूचना वरीय अधिकारियों को दिया। बताया गया कि ब्लॉक टू क्षेत्र के दमकल गाड़ी को मेंटेनेंस के लिए बाहर भेजा गया। बरोरा क्षेत्र के दमकल विभाग को सूचना दी गयी। घंटो बीत जाने के बाद भी बरोरा क्षेत्र की दमकल गाड़ी मौके पर नहीं पहुचीं। जिससे आग पर काबू नहीं पाया जा सका। बीसीसीएल के दमकल गाड़ियों की स्थिति सही होती तो आज सैकड़ो पेड़ पौधें जलने से बच गए होते। वही बीसीसीएल के क्षेत्रीय अधिकारियों की मशीनों के रख रखाव में उदानशीता एवं लापरवाही को भी दशार्ता है।

**गर्मी की वजह से सूखे पत्तों में लगी आग:** एबीओसीपी माइंस, ब्लॉक टू क्षेत्र के प्रबंधक केके दत्ता ने बताया की गर्मी की वजह से सुखें पत्तों में आग लगी है। पेड़ पौधों को काफी कम नुकसान पंहुचा है। ब्लॉक टू क्षेत्र के दमकल गाड़ी को मेंटेनेंस के लिए भेजा गया है। इसलिए बरोरा क्षेत्र के दमकल विभाग से दमकल गाड़ी भेजने की सूचना दी गयी है।

## बीसीसीएल के नये कार्मिक निदेशक मुरली कृष्ण रमैया ने पदभार ग्रहण किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** गुरुवार को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के नये कार्मिक निदेशक के पद पर मुरली कृष्ण रमैया ने पदभार ग्रहण किया। बीसीसीएल मुख्यालय स्थित उनके कार्यालय में दिनभर उनसे मिलने व बधायी देने के लिए लोगों का तांता दिन भर लगा रहा। नये कार्मिक निर्देशक को बधाई देने में बीसीसीएल के कयी पदाधिकारी एवं ट्रेड यूनियन के नेता शामिल थे। नये कार्मिक निदेशक मुरली कृष्णा रमैया ने कहा कि सभी के साथ मिलजुल कर समन्वय स्थापित कर बीसीसीएल के कार्यों को बढ़ाने दिशा में हर संभव प्रयत्न होगा। उपस्थित बीसीसीएल के अधिकारियों को भी उन्होंने कहा कि बीसीसीएल को आगे बढ़ाने के लिए जो भी दिक्कतें आएगी उसे हम मिलजुल कर निष्पादन करेंगे तथा बीसीसीएल को और ऊंचाइयों के शिखर पर पहुंचायेगे। नये कार्मिक निदेशक से मुलाकात कर बधाई देने में मुख्य रूप से जनरल मैनेजर पर्सनल विद्युत साहब,डीपी पीएसओपी सिंह, सीनियर पीएस दीपक सिन्हा, पर्सनल मैनेजर श्वेता सुभाषिनी, पर्सनल मैनेजर रुखसाना परवीन, पर्सनल मैनेजर नीलांजना चक्रवर्ती, पर्सनल मैनेजर अभिषेक राय, जीएम वेलफेयर राजीव कुमार मिश्रा, दायित्व पर्सनल के टेक्निकल एडवाइजर सरोज कुमार पांडे थे। नये कार्मिक निदेशक मुरली कृष्ण रमैया ने बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता से उनके कार्यालय में मिलकर मार्गदर्शन लिया।

## शहीद मेजर सम्राट मैती को श्रद्धांजलि अर्पित कर मनायी गयी 20वीं शहादत दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बाघमारा/कतरास।** बाघमारा के हरिणा बाजार स्थित सम्राट मैती द्वार पर गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर शहीद मेजर सम्राट मैती की 20वीं शहादत दिवस मनाई गई। इस मौके पर हरिणा, बाघमारा सहित आसपास के दर्जनो लोगों ने शहीद मेजर सम्राट मैती की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजली दी। मालूम हो कि शहीद सम्राट मैती असम रेजिमेंट में मेजर के पद पर रहकर देश को अपनी सेवा दे रहे थे। 23 फरवरी 2004 को असम में एक सर्च ऑपरेशन के दौरान उल्फा उग्रवादियों के खिलाफ लडाई मे मेजर सम्राट शहीद हो गये। तत्कालीन समय में उनके पिता जेके मैती बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र के जीएम थे। श्रद्धांजली कार्यक्रम मे ब्लॉक टू क्षेत्र के जीएम चितरंजन कुमार, टीएस चौहान, बाघमारा थाना प्रभारी सूबेदार कुमार यादव, विनय पाण्डेय, सुबोध गुप्ता, सुमन कुमार, दामोदर महतो नागेंद्र साव, राजेंद्र प्रसाद, विशु महतो, शशीकांत शरण, सुरेश साव, विपिन ठक्कर सहित अनेको लोग ने श्रद्धांजली अर्पित की।

## झरिया में प्लस टू की छात्रा के साथ छेड़खानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** झरिया में प्लस टू की छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है, कुकुरतोपा निवासी छात्रा झरिया की एक निजी विद्यालय में पढ़ती है। छात्रा के परिजनों ने झरिया पुलिस को लिखित शिकायत देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। शिकायत में झरिया कोयरीबांध के रहने वाले स्थानीय युवक रोहित पर आरोप लगाते हुए बताया कि वह आए दिन स्कूल और ट्यूशन जाने के क्रम में छात्रा से छेड़खानी करता है, युवक से परेशान होकर छात्रा ने ट्यूशन जाना छोड़ दिया है। स्कुल आने-जाने के क्रम में वह छात्रा का कभी हाथ तो कभी बाल पकड़ लेता है। जिससे भयभीत छात्रा ने ट्यूशन जाना बंद कर दिया। लेकिन मनबढ़ू युवक का आतंक कम नहीं हुआ उसने स्कूल जाने के दौरान स्कूल बैग भी छीन लिया। अंततः परेशान छात्रा ने रोते बिलखते परिजनों को आपबीती सुनाई और परिजनों संग झरिया थाने पहुंच शिकायत दर्ज कराई। इस संबध में छात्रा के पिता ने बताया कि इसे पहले भी युवक मेरी बड़ी बेटी के साथ इसी तरह का गलत हरकत करता था।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,कोडरमा**

**अतिअल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई– निविदा सूचना संख्या – 15/EE/RDSD/KODERMA/2022-23**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सतगावॉ प्रखण्ड अंतर्गत ईटाय पंचायत जोगीडीह हरिजन टोला से सोत नाला तक 1100 फीट आर0सी0सी0 नाला का निर्माण। | 2363500.00 | 47500.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह। |
| 2. | डोमचॉच प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम ढाब के सतगावॉ रोड से संजय यादव के घर होते हुये मुसरिया टोला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1288600.00 | 26000.00 | 2500.00 | 03 (तीन) माह। |
| 3. | कोड़रमा जिला के कोडरमा प्रखण्ड के चन्द्रोडीह में उप–स्वास्थ केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह। |
| 4. | कोड़रमा जिला के मरकच्चो प्रखण्ड के बरियारडीह में उप–स्वास्थ केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह। |
| 5. | कोड़रमा जिला के संतगॉवा प्रखण्ड के बासोडीह में उप–स्वास्थ केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह। |
| 6. | कोड़रमा जिला के कोडरमा प्रखण्ड के बेंदी में उप–स्वास्थ केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह। |
| 7. | कोड़रमा जिला के मरकच्चो प्रखण्ड के चोपनाडीह में उप–स्वास्थ केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह। |
| 8. | कोड़रमा जिला के कोडरमा प्रखण्ड के बिरजामु में उप–स्वास्थ केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह। |
| 9. | कोड़रमा जिला के मरकच्चो प्रखण्ड के नईटॉड में उप–स्वास्थ केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह। |
| 10. | कोड़रमा जिला के कोडरमा प्रखण्ड के बेहराडीह में उप–स्वास्थ केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह। |
| 11. | कोड़रमा जिला के जयनगर प्रखण्ड के कुषाहन में उप–स्वास्थ केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह। |
| 12. | कोड़रमा जिला के जयनगर प्रखण्ड के गोहाल में उप–स्वास्थ केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह। |
| 13. | कोड़रमा जिला के मरकच्चो प्रखण्ड के धुबाडीह में उप–स्वास्थ केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह। |
| 14. | कोड़रमा जिला के कोड़रमा प्रखण्ड के खरकोटा में उप–स्वास्थ केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह। |
| 15. | कोड़रमा जिला के सतगॉवा प्रखण्ड के माधोपुर में उप–स्वास्थ केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह। |
| 16. | कोड़रमा जिला के कोडरमा प्रखण्ड के महेषपुर में उप–स्वास्थ केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह। |
| 17. | कोड़रमा जिला के मरकच्चो प्रखण्ड के बरवाडीह में उप–स्वास्थ केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह। |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.02.2023
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 03.03.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4.कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि 04.03.2023 एवं समय 10:00 बजे से 05:00 बजे तक।
5.निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
6.निविदा खोलने की तिथि एवं समय –10.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
8.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9939700965 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9.निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा के पदनाम से देय हो देना होगा।
10.प्रायः देखा जाता है कि कुछ सवेंदको द्वारा ई0–निविदा में भाग लेने के बाद विभाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं अन्य कागजात जमा नहीं करते है। वैसे सवेंदको को चिन्हत् कर भविष्य में इस विभाग के द्वारा छः माह के लिए के कार्य आवंटन से वंचित रखा जाएगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
कोडरमा

PR291075 (Rural Work Department)22-23*D

## क्षेत्रीय कार्यालय में ग्रामीण और प्रबंधन के बीच वार्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बाघमारा/कतरास।** बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्रीय कार्यालय में गुरुवार को सितपोकी बस्ती के ग्रामीणों के साथ बस्ती खाली करने को लेकर एजीएम एसबी कुमार ने वार्ता की। एजीएम ने ग्रामीणों से अपील किया कि सितपोकी बस्ती खाली कर दें क्योंकि बस्ती अग्नि प्रभावित व भू धंसान क्षेत्र में है। वही ग्रामीणों ने मुआवजा नियोजन अन्य लाभ प्रदान करने के बाद बस्ती खाली करने की बात रखी। इस संबंध में एजीएम ने बताया कि सितपोकी बस्ती में काफी कम संख्या में रैयत है। जबकि बस्ती डेंजर जोन में है। ग्रामीणों को कोल इंडिया के नीति के अनुसार पुनर्वास कर लाभ दिया जाएगा।

## बोकारो थर्मल चेतना भवन सभागार में जागरूकता शिविर का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो थर्मल।** एसबीआई बोकारो थर्मल शाखा की ओर से डीवीसी प्लांट के अन्दर चेतना भवन सभागार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन उप महाप्रबंधक बीजी होलकर ने फीता काट कर किये। शिविर में एसबीआई बोकारो थर्मल शाखा के मुख्य प्रबंधक प्रकास कुमार ने शिविर में उपस्थित कामगारों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिये तथा कामगारों को बीमा करवाने के प्रति जागरूक करते हुवे महत्व के बारे में बतलाये। एसबीआई के मुख्य प्रबंधक प्रकास कुमार ने बातये की प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ 18 वर्ष से लेकर 70 वर्ष तक के लोग ले सकते हैं। यहाँ प्लांट में कार्यरत सभी ठेका कामगारों सहित स्थाई कामगारों व अधिकारियों को भी बीमा योजना का लाभ लेने की अपील किया गया। शिविर में उपस्थित दो सौ कामगारों ने बीमा करवाने हेतु फार्म भरें।

# बरोरा पुलिस की मौजूदगी में आंदोलनरत मजदूरों और माइनप प्रबंधन के बीच हुयी वार्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**बाघमारा/कतरास।** बरोरा पुलिस की मौजूदगी में माइनप प्रबंधन और मजदूरो के बीच हुयी वार्ता विफल हुयी। मालूम हो कि मजदूरो द्वारा अपने कार्य बहिष्कार किये जाने से तीसरे दिन गुरुवार को भी कंपनी का काम बाधित है। माइनप प्रबंधन मजदूरों से इमर्जेंसी सेवा पंपिंग सेट चालू करने की आग्रह कर रही है। पंपिंग बंद होने से भूमिगत खदान के भीतर पानी का जमाव बहुत तेजी से हो रहा है। प्रबंधकीय सूत्रों के अनुसार खदान के अंदर पानी का जमाव होने से खदान के अंदर लगी तीन पंप लगभग पानी मे डूब गया है।

खबर लिखे जाने तक मजदूरो का कार्य बहिष्कार आन्दोलन जारी है। संभवतः शुक्रवार को एरिया वन क्षेत्र के महाप्रबंधक पियूष किशोर की उपस्थिति मे मजदूरो के साथ वार्ता होगी। मौके पर महादेव कुमार, उपेन्द्र कुमार सोरेन, अजय किस्कू, सुभाष साव, मोची राम महतो, धनेश्वर महतो, घनश्याम महतो,सहदेव हेम्ब्र, प्रवेश कुमार, घनश्याम महतो, मिथुन कुमार, पवन बास्के, सहदेव हेंब्रम, दीपक किस्कू, प्रभाकर साव, नरेश किस्कू, मुचिराम महतो, हिरालाल महतो सहित कयी अन्य लोग उपस्थित थे। वही माइनप प्रबंधन की ओर कंपनी के एचआर मनीष कुमार झा व अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रो राजेंद्र प्रसाद महांती को लाल बहादुर शास्त्री सम्मान



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रख्यात शिक्षाविद और शिक्षा 'ओ' अनुसन्धान (सोआ) डीम्ड यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो राजेंद्र प्रसाद महांती को गुरुवार को नई दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान के लिए लाल बहादुर शास्त्री सम्मान प्रदान किया गया। यह पुरस्कार, लाल बहादुर शास्त्री प्रबंधन संस्थान, नयी दिल्ली द्वारा स्थापित किया गया है और हर साल इसके स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर प्रदान किया जाता है, जो प्रमुख शिक्षाविदों, संस्था निर्माताओं, प्रबंधन चिकित्सकों और व्यापारिक नेताओं को दिया जाता है। लाल बहादुर शास्त्री फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल शास्त्री ने प्रो महांती को पुरस्कार प्रदान किया।

प्रोफेसर महांती, वर्तमान में यहां डीम्ड यूनिवर्सिटी के सोआ के मुख्य सलाहकार हैं। उन्होंने मानव संसाधन प्रबंधन, गुणवत्ता प्रबंधन प्रथाओं, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, उन्नत संचालन प्रबंधन और कुल गुणवत्ता प्रबंधन पर कई किताबें लिखी हैं। अपने चुने हुए क्षेत्रों में एक अंतरराष्ट्रीय वक्ता, उनके पास शिक्षा और उद्योग दोनों में विविध अनुभव है और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैनेजमेंट स्कॉलर्स, यूएसए से इंटरनेशनल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग से लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के प्राप्तकर्ता हैं। और उड़ीसा इंजीनियर्स फोरम से भारत रत्न सर विश्वेश्वरैया पुरस्कार। प्रो महांती कई पेशेवर संघों के फेलो और कई संस्थानों के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य हैं।

# नवीन पटनायक ने गोपबंधु की जन्मस्थान पर 15 फुट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को सुआंडो में पंडित गोपबंधु की रूपांतरित जन्मस्थली का लोकार्पित किया। उन्होंने गोपबंधु की 15 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करने के साथ ही विकसित शिव मंदिर, तालाब, संग्रहालय और पैतृक आवास का भी लोकार्पण किया. इसके साथ ही जन्मस्थान को रोड़, सर्कुलर रोड और एक सूचना केंद्र का भी निर्माण किया गया है।





इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोपबंधु युगपुरुष व्यक्ति थे। उड़िया जाति हमेशा उनकी ऋणी है। उसकी स्मृति को बचाने के लिए जितना भी किया जाए कम ही होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 5टी पहलों में ओडिशा के बरपुत्र के लिए जन्म स्थान विकसित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि उत्कल गौरव मधुसूदन दास, फकीर मोहन सेनापति, गंगाधर मेहेर, शहीद लक्ष्मण नायक सहित कई अन्य महापुरुषों के बलिदान और साधना ने ओडिशा का गौरव बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री ने गोपबंधु की स्मृति चारण करते हुए कहा कि उत्कलमणि मानव समाज के मणि थे। उनका बलिदान, देशभक्ति, सेवा और जातिप्रिति का अद्वितीय है। स्वतंत्रता संग्राम से प्रारंभ होकर ओडिशा की शिक्षा, साहित्यिक संस्कृति, राजनीति, सेवा और मानवता नूतन कीर्ति स्थापित हुई है। वह ओड़िशा में राष्ट्रवादी चेतना के विकास में कर्णधार थे। सुख कुछ भी नहीं, त्याग महान है, सेवा ही महान है- यही गोपबन्धु के जीवन का बर्ता है। वह हमेशा से हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं और रहेंगे। मुख्यमंत्री ने गोपबंधु के 'भार्गबी संकल्प'को जीवन का व्रत करके नए और मजबूत ओडिशा के निर्माण के लिए काम करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने गोपबंधु की जन्मस्थली को विकसित करने में सहयोग के लिए उत्कलमणि के परिवार और सुआंडो के लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने राज्य संस्कृति विभाग और पुरी जिला प्रशासन को भी धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में गोपबंधु के पौत्र श्री धीरेंद्र कुमार दास ने शिरकत की और उत्कलमणि की जन्मभूमि का कायाकल्प करने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के लोगों को महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलेगी।

कार्यक्रम में राज्य के भाषा, साहित्य एवं संस्कृति मंत्री अश्विनी कुमार पात्र, क्रीड़ा मंत्रीतुषारकांति बेहेरा और स्कूल एवं गण शिक्षा मंत्री समीर रंजन दास ने मुख्य भाषण दिया और गोपबंधु के जन्म स्थान के विकास और विभिन्न क्षेत्रों में ओडिशा के परिवर्तन पर प्रकाश डाला। इस के साथ ही सांसद पिनाकी मिश्र, विधायक उमाकान्त सामस्तराय और समाज समाचार पत्र के और से निरंजन रथ ने भी अपना-अपना भाषण दिया। बैठक में उत्कलमणि के संबंध में एक फिल्म दिखायी गयी। मुख्यमंत्री ने गोपबंधु के 7 पौत्रों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री के सचिव (5-टी) वीके पांडियन कार्यक्रम में मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने 5टी पहल में उत्कलमणि के जन्म स्थान को बदलने में पुरी के जिलाधिकारी समर्थ बर्मा और पूर्व जिलाधिकारी बलबंत सिंह के प्रयासों की काफी सराहना की। अतिरिक्त मुख्य प्रशासनिक सचिव, राज्य संस्कृति विभाग सत्यब्रत साहू ने स्वागत भाषण दिया और पुरी जिलाधिकारी ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

### जटनी विधायक सूर राउतराय ने किया एलान

# अब मैं नहीं, मेरा बेटा लड़ेगा चुनाव



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जटनी के कांग्रेस विधायक सूर राउतराय का बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि मैं इस बार चुनाव नहीं लड़ूंगा। मेरा बेटा मन्मथ राउतराय जटनी से चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि मैं 80 साल का हूं। मेरा बेटा कांग्रेस के टिकट पर लड़ेगा।

वहीं सूर राउतराय ने मुख्यमंत्री और 5टी सचिव से सौजन्य मुलाकात की। इस मुद्दे पर सूर ने अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे सिद्धार्थ राउतराय ने देश और विदेश से कई सारे पाहड़ (पर्वत) चढ़ कर रिकॉर्डिंग की है। मैं उनकी सफलता के बारे में कहने के लिए गया था। अच्छी चर्चा हुई, मुख्यमंत्री और 5टी सचिव बहुत खुस हुए।

सूर राउतराय ने कहा कि मेरे बेटे के बारे मैं चर्चा हुई और कोई अन्य राजनीतिक पर चर्चा नहीं हुई। मैं 55 साल से कांग्रेस में हूं, मेरा छोटा बेटा मन्मथ कांग्रेस से चुनाव लड़ेगा। बुधवार को कांग्रेस विधायक सुरेश राउतराय ने मुख्यमंत्री नबीन पटनायक के आवास पर जाकर मुख्यमंत्री व 5टी सचिव से मुलाकात की थी।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

### किट ने भारतीय विश्वविद्यालय फोरम मीट का आयोजन किया

# शिक्षा का उद्देश्य सामाजिक उत्थान : प्रो.गणेशी लाल




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट डीयू ने गुरुवार को टाइम्स हायर एजुकेशन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित इंडियन यूनिवर्सिटीज फोरम कॉन्क्लेव की आयोजन की। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए ओड़िशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल ने जनता की मुक्ति के लिए शिक्षा के मूल्य पर जोर दिया। इस आयोजन का विषय एट्टीमाइजिंग लार्निंग लैंसकेप' था। प्रोफेसर लाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सामाजिक उत्थान, नकारात्मकता को त्यागना और एक पूर्ण जीवन जीना है, जो पृथ्वी को स्वर्ग में बदल ता है। समाज में शांति और सद्भाव के गुणों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब दुनिया युद्ध छेड़ने में व्यस्त थी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैक्सीन देने (महामारी से लड़ने के लिए) में लगे रहे और समाज में एकता का संदेश फैलाने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया।

ब्रिटिश काउंसिल के कंट्री डायरेक्टर (इंडिया) एलिसन बैरेट ने ओडिशा के गरीबों और आदिवासियों के सामाजिक-आर्थिक विकास में शिक्षा और महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए किट और इसके संस्थापक डॉ अच्युत सामंत की भूमिका की सराहना की। उन्होंने किट के परिवर्तन को 'घास से सोने' में बदलने की सराहना की।

बैरेट ने विशेष रूप से शिक्षा के प्रसार के लिए बहुभाषी भाषा को बढ़ावा देने और इस प्रयास के लिए 2022 में यूनेस्को साक्षरता पुरस्कार जीतने में किस के उद्देश्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश काउंसिल ऑनलाइन शिक्षा, अनुसंधान और सहयोग के क्षेत्र में भारत और यूके दोनों के साझा भविष्य का समर्थन करने और 200 मिलियन भारतीयों को रोजगार देने वाले पारंपरिक शिल्प क्षेत्र का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

टाइम्स हायर एजुकेशन के ग्लोबल चीफ अफेयर्स ऑफिसर फिल बैटी ने किट की उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला, जो अपने अस्तित्व के सिर्फ 25 वर्षों में उच्च शिक्षा के प्रमुख केंद्रों में से एक बन गया है। उन्होंने 2022 की टाइम्स हायर एजुकेशन रिपोर्ट को रेखांकित किया जिसने असमानता से निपटने में किट को दुनिया में आठवें स्थान पर रखा है। उन्होंने कहा कि किट भारत के उन गिने-चुने विश्वविद्यालयों में से एक है जिन्होंने अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

समग्र रैंकिंग के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्थानों को रैंकिंग सर्वेक्षणों में अच्छी तरह से प्रतिनिधित्व किया जाता है, यह कहते हुए कि रैंकिंग संस्थानों को अपनी दृश्यता फैलाने और अन्य विश्वविद्यालयों के साथ संभावित सहयोग का अवसर प्रदान करती है।

किट और किस के संस्थापक डॉ सामंत ने किट के दो कमरों वाले संस्थान से देश के सबसे बड़े विश्वविद्यालयों में से एक बनने और आदिवासी सशक्तिकरण में इसके योगदान के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि किट का शिक्षा मॉडल समावेशी शिक्षा की ओर अग्रसर है, जहां प्रत्येक छात्र को अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का समान अवसर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हम केवल शिक्षा तक ही सीमित नहीं हैं, हम समाज की भी सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का विषय प्रासंगिक है, विशेष रूप से ऐसे समय में जब कोविड महामारी ने शैक्षणिक परिदृश्य में बड़े व्यवधान लाए हैं।

किट की कुलपति प्रोफेसर सस्मिता सामंत ने कहा कि शिक्षा महत्वपूर्ण है क्योंकि ज्ञान ही जीवन है और यह लोगों को अच्छे मूल्यों को विकसित करने में मदद करता है।

टाइम्स हायर एजुकेशन के बारे में उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालयों के बीच प्रतिभाओं को पहचानने और संस्थानों को वैश्विक स्तर पर आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है। सम्मेलन में ब्रिटिश काउंसिल और टाइम्स हायर एजुकेशन के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ-साथ भारत और बाहर के शिक्षाविद भाग लिये थे।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

Ranjeet Singh
Kundan Singh
Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-9934189684
7667384788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob : 9939563560, 7004525571, Email id : shivacement1212@gmail.com

शीघ्र प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद्, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-X की बोर्ड परीक्षा-2023 के लिए झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची द्वारा जारी मॉडल प्रश्न-पत्र (बहुविकल्पीय एवं विषयनिष्ठ प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
With OMR SHEET for Practice
मूल्य ₹100 मात्र
(बहुविकल्पीय एवं विषयनिष्ठ प्रश्नोत्तर)
JCERT द्वारा जारी मॉडल प्रश्न-पत्र प्रारूप उत्तर के साथ
Hindi, English, Mathematics, Science, Social Science and Sanskrit
5 Solved Sets combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Hologram, Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें।

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compliments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

BLUE BANSI RESTAURANT
PURE VEG
INDIAN
JAIN FOOD
SOUTH INDIAN & CHINESE
NASTA ALSO available
BESIDE OVERBRIDGE, MAIN ROAD
FOR BOOKING CONTACT : 9608168613

# आठ नये सहारांचल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किये जायेंगे : निरंजन पुजारी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री निरंजन पुजारी ने कहा कि बढ़ती आबादी की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने आठ प्रमुख शहरों में आठ नये सहारांचल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए विभाग द्वारा राष्ट्रीय सहारांचल स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत बिधिबध कार्यालय आदेश की घोषणा की गयी है। ये स्वास्थ्य केंद्र जाजपुर जिले के ब्यासनगर और जाजपुर, मयूरभंज जिले के रायरंगपुर, मालकानगिरी जिले के मालकानगिरि, बालेश्वर के सोर, सुंदरगड के राजगांगपुर, अंगुल के तालचेर और कटक के टोलासाही में खोले जायेंगे। संभागीय प्रशासनिक सचिव शालिनी पंडित ने स्वास्थ्य केंद्रों को समयबद्ध तरीके से खोलने के लिए सभी विभागीय निदेशकों, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक, ओडिशा चिकित्सा निगम प्रबंधन निदेशक, जिलाधिकारी और संबंधित जिले के जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं।

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**